Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

We are Suppliers of :
Zinc Oxide | Silica,
Carbon Black
Bacteria for STP/ETP Plants
(Both Anaerobic and Arobic)
Kumar Brothers
GF-150, Durga Tower, RDC, RAJ NAGAR, GHAZIABAD
E-mail : kumarbros1234@gmail.com
Sandeep Khuller 9810066381 Lalit Kumar 9891116568

वर्ष: 6 अंक: 248 | मंगलवार, 09 सितंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आज पंजाब और हिमाचल दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी

### बाढ़ग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वे और पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

**चंडीगढ़।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को बाढ़ की विभीषिका झेल रहे हिमाचल प्रदेश और पंजाब के मौजूदा हालात की समीक्षा करेंगे। वह दोनों ही राज्यों में बाढ़ पीड़ितों से मिलेंगे और प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुई तबाही का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हिमाचल आएंगे।

कार्यक्रम के अनुसार, पीएम मोदी विशेष विमान से करीब 1:20 बजे गगल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। करीब डेढ़ बजे एयरपोर्ट पर ही पीएम मुख्यमंत्री सुक्खू समेत अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और राज्य में हुए नुकसान की समीक्षा करेंगे। डेढ़ से 2:15 बजे तक मीटिंग चलेगी। उसके बाद पीएम आपदा प्रभावित चंबा, मंडी और कुल्लू का हवाई निरीक्षण करेंगे। वहीं, पीएम मोदी आज पंजाब भी जाएंगे। बताया जा रहा है कि हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में 20 के करीब लोगों को शामिल होने की अनुमति रहेगी। पीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हिमाचल पुलिस के करीब 400 जवान सुरक्षा के लिए जगह-जगह तैनात रहेंगे। ड्रोन से भी पूरे इलाके पर नजर रखी जाएगी। पीएम के दौरे के मद्देनजर कांगड़ा जिला नो-फ्लाई जोन रहेगा। इस दौरान किसी भी तरह की हवाई उड़ान और पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसपीजी ने सोमवार को दिनभर एयरपोर्ट पर सुरक्षा इंतजाम जांचे। पीएम के दौरे से पहले सोमवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर धर्मशाला पहुंच चुके हैं। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा और पुलिस अधीक्षक कांगड़ा अशोक रतन ने एसपीजी के अधिकारियों के साथ सोमवार को एयरपोर्ट पर होने वाली बैठक स्थल का दौरा किया। सरकार की मांग है कि वे पंजाब का पुराना 60 हजार करोड़ का बकाया भी रिलीज करवा दें ताकि बाढ़ की मार झेल रहे पंजाबियों की मदद की जा सके। उधर शिअद के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह वड़िंग ने भी पीएम से राहत पैकेज की मांग की है।



**20** हजार करोड़ के पैकेज की मांग

पंजाब सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी से 20 हजार करोड़ के अंतरिम राहत पैकेज की मांग की है। वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वागत है और सरकार उम्मीद करती है कि वो आपदाग्रस्त राज्य के लिए दिल खोलकर राहत पैकेज का एलान करेंगे।

### पंजाब में बाढ़ का हवाई सर्वेक्षण करेंगे मोदी

बाढ़ पीड़ितों का दर्द समझने और स्थिति का जायजा लेने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब पहुंचेंगे। वे दोपहर करीब तीन बजे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। हवाई सर्वेक्षण के बाद पीएम शाम लगभग सवार चार बजे गुरदासपुर पहुंचेंगे। जहां वे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ के हालातों पर चर्चा करेंगे और जमीनी स्थिति पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। वे गुरदासपुर में बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों के साथ-साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा मित्र टीम से भी बातचीत करेंगे। पीएम के इस दौरे का मकसद इस कठिन समय में पंजाब के लोगों की सहायता के लिए राहत और पुनर्वास प्रयासों की बारीकी से निगरानी करना है।

## उत्तराखंड की मदद के लिए केंद्र का सहारा, भेजा 5700 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का प्रस्ताव

**देहरादून।**

आपदा का दंश झेल रहे उत्तराखंड की नजरें अब इससे उबरने को केंद्रीय मदद पर टिक गई हैं। राज्य की ओर से 5700 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। इसी कड़ी में केंद्रीय अंतर मंत्रालय टीम राज्य के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में क्षति के आकलन में जुटी है। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी 11 सितंबर को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा संभावित है। ऐसे में जल्द ही केंद्र से राज्य को बड़ी सहायता राशि मिलने की उम्मीद है। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अधिकारियों के साथ बैठक में वषार्काल थमते ही



प्रशासनिक मशीनरी को मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्यों के लिए जुटने को तत्पर रहने के निर्देश दिए। साथ ही वषार्काल तक आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री, राशन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने को भी कहा है। उत्तरकाशी, चमोली, पौड़ी, बागेश्वर, नैनीताल, रुद्रप्रयाग समेत अन्य जिलों में इस मानसून में आपदा ने खासा कहर बरपाया है। राज्य सरकार की ओर से क्षति का आकलन करते हुए प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। क्षति के आकलन के दृष्टिगत केंद्र सरकार की ओर से गठित सात सदस्यीय अंतर मंत्रालय केंद्रीय टीम सोमवार को देहरादून पहुंची।

### भारत की साक्षरता दर बढ़कर 80.9% हुई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि भारत की साक्षरता दर 2011 में 74 प्रतिशत थी जोकि 2023-24 में बढ़कर 80.9 प्रतिशत हो गई है। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सच्ची प्रगति तभी होगी जब साक्षरता प्रत्येक नागरिक के लिए एक जीवंत वास्तविकता बन जाएगी। प्रधान ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सम्मान, सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता का साधन है। प्रधान ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2025 के अवसर पर एक वर्चुअल संबोधन में उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की भूमिका को सराहते हुए कहा कि इसके तहत तीन करोड़ से अधिक शिक्षार्थियों और 42 लाख स्वयंसेवकों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि लगभग 1.83 करोड़ शिक्षार्थियों ने मौलिक साक्षरता और संख्यात्मकता के आकलन में भाग लिया, जिसकी सफलता दर 90 प्रतिशत रही।

## मानहानि केस में ट्रंप को राहत नहीं, देने होंगे 733 करोड़

**नई दिल्ली।**

अमेरिका की दो अदालतों ने अहम आदेश पारित किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आप्रवासियों से जुड़ी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त नीतियों का समर्थन किया है। एक अन्य अहम मामला न्यूयॉर्क की संघीय अदालत से सामने आया। जीन कैरोल के मानहानि मामले में अदालत ने राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा संबंधी दलील खारिज कर दी। ऐसे में ट्रंप को राहत नहीं मिली है।

उन्हें अब पीड़िता को 733 करोड़ रुपये देने होंगे। विस्तार से जानिए दोनों आदेश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक मानहानि के मामले में कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया।




जीन कैरोल के मानहानि मामले में संघीय अदालत ने जूरी का फैसला बरकरार रखा। अदालत ने राष्ट्रपति पद की प्रतिरक्षा संबंधी दलील खारिज करते हुए साफ किया कि उन्हें पीड़िता को 733 करोड़ रुपये देने ही होंगे। दरअसल, 2019 में कैरोल (81) ने ट्रंप पर 1996 में बर्गडॉर्फ गुडमैन डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में हमला करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा किया था। 79 वर्षीय ट्रंप ने पहली बार जून 2019 में उनके दावे का खंडन किया था। उन्होंने कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं। उसने अपनी किताब- हमें पुरुषों की क्या जरूरत है? को बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी थी। अब न्यूयॉर्क की एक संघीय अपील अदालत ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 733 करोड़ रुपये मानहानि के जूरी के फैसले को खारिज करने से इन्कार कर दिया।

## अब अमेरिका नहीं इन देशों में एक्सपोर्ट होगा भारत का सामान



**नई दिल्ली।**

अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगने के बाद सरकार तेजी से दुनिया के अन्य देशों में वस्तु निर्यात की संभावना तलाश रही है। इस क्रम में सिंगापुर और यूएई जैसे देशों से बातचीत भी शुरू हो गई है। सिंगापुर भारत के समुद्री उत्पाद, मछली व अंडे जैसे आइटम को खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहा है तो यूएई में टेक्सटाइल निर्यात को बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि इस प्रकार के प्रयास से अमेरिका के बाजार में प्रभावित निर्यात की पूरी तरह से भरपाई नहीं हो सकती है। अमेरिका में खरीदारी क्षमता काफी अधिक है और पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 440 अरब डॉलर के अपने कुल वस्तु निर्यात में 86 अरब डॉलर का निर्यात अमेरिका में किया था। निर्यातकों का कहना है कि उन्हें पता है कि अमेरिका ने जो 50 प्रतिशत का शुल्क लगाया है वह स्थायी नहीं है। फिर भी हम सरकार के साथ मिलकर छोटे-छोटे देशों के बाजार में संभावना तलाश रहे हैं ताकि भविष्य में भी हम निर्यात के लिए कुछ देशों पर ही निर्भर नहीं रहे।

### दो अरब डॉलर से अधिक का झींगा निर्यात

चीन वर्ष 2019 से ही इस दिशा में काम कर रहा है तभी अमेरिका के बाजार में चीन के निर्यात में गिरावट के बावजूद चीन का कुल निर्यात लगातार बढ़ रहा है। निर्यातकों के मुताबिक भारत सालाना दो अरब डॉलर से अधिक का झींगा व अन्य समुद्री उत्पादों का निर्यात अमेरिका में करता है। वहीं पांच अरब डॉलर से अधिक का गारमेंट निर्यात अमेरिका में किया जाता है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक सिंगापुर भारतीय समुद्री उत्पादों व अन्य पोल्ट्री आइटम की खरीदारी को लेकर काफी इच्छुक है।

## आज मिलेगा देश को नया उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।**

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान से पहले सोमवार को सत्तापक्ष तथा विपक्ष ने अपने-अपने सांसदों के साथ बैठक कर चुनावी मुकाबले की तैयारियां पूरी कर लीं। भाजपा ने वोटिंग से पहले अपने सांसदों की कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत पार्टी के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। उधर, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, शरद पवार तथा अखिलेश यादव की मौजूदगी में विपक्षी गठबंधन आईएनडीआइए के सांसदों की बैठक में माक वोटिंग के जरिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस बीच, वोटिंग से एक दिन पहले बीजू जनता दल तथा भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने उपराष्ट्रपति चुनाव के मतदान में हिस्सा नहीं लेने की घोषणा कर चुनावी परिदृश्य की तस्वीर पूरी तरह साफ कर दी। उपराष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का सीधा





### राधाकृष्णन के सामने सुदर्शन

मुकाबला विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी से है। आंकड़ों की बिसात पर देखें तो विपक्ष के मुकाबले राजग के संसद के दोनों सदनों में बहुमत को देखते हुए राधाकृष्णन की जीत लगभग तय है। सोमवार को संसद परिसर में पक्ष और विपक्ष दोनों खेमों में सियासी गहमागहमी रही। सत्ताधारी राजग गठबंधन के सांसदों की कार्यशाला बैठक में चुनावी प्रक्रिया तथा मतदान करने के तौर-तरीके समझाए गए। वहीं संविधान सदन के सेंट्रल हाल में विपक्षी सांसदों की बैठक में वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी माक वोटिंग के जरिए दी गई। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए दोनों सदनों के कुल 788 सांसदों में से 781 सदस्य मतदान में हिस्सा लेंगे। राज्यसभा की छह तथा लोकसभा की एक यानि उपराष्ट्रपति चुनाव निर्वाचक मंडल की कुल सात सीटें रिक्त है। वोटिंग के लिए सांसदों को पक्ष-विपक्ष के दोनों उम्मीदवारों के नाम वाले मतपत्र दिए जाएंगे, जिन पर उन्हें अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम के सामने 'एक' लिखकर अपनी पसंद बतानी होगी। प्रक्रिया के अनुरूप वोटिंग नहीं करने वाले सांसदों का वोट रद हो जाएगा। निर्वाचक मंडल के मौजूदा आंकड़ों के हिसाब से लोकसभा में राजग के 293 तथा राज्यसभा में 129 सदस्य हैं यानी कुल 422 सांसद। इन आंकड़ों के दम पर राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन की जीत सुनिश्चित है। राजग को जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस के 11 सांसदों का वोट जोड़ने पर यह आंकड़ा 433 पहुंच जाता है। तेलंगाना-आंध्र प्रदेश पृष्ठभूमि के सुदर्शन रेड्डी के उम्मीदवार बनने के बाद भी जगन ने राजग को समर्थन का एलान किया था।

## नेपाल में सोशल मीडिया बंद होने से भारतीय सिम कार्ड की बढ़ी डिमांड



**नई दिल्ली।**

नेपाल में बिगड़े हालात का असर भारत पर भी पड़ रहा है। सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर दिख रहा है, जिनके रिश्तेदार और जान-पहचान वाले नेपाल में रह रहे हैं।


दरअसल, नेपाल में 26 एप पर प्रतिबंध लगाए जाने से इंटरनेट कॉलिंग की सेवा प्रभावित हुई है। इस कारण लोगों को बातचीत करना मुश्किल हो गया है। दूसरा, लोगों को सामान्य कॉलिंग सेवा से बातचीत करनी पड़ रही है, जोकि इंटरनेशनल रोमिंग के चलते महंगी पड़ ही रही है। नेपाल में इंटरनेट मीडिया साइटें बंद होने के बाद भारतीय सिम कार्डों की मांग बढ़ गई है। नेपाल की सीमा भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बंगाल और सिक्किम से लगती है। बिहार सहित कई राज्यों के लोगों की नेपाल में रिश्तेदारियां हैं। इसके साथ ही रोजगार की तलाश में नेपाल के अनेक लोग भारत में रह रहे हैं।

## खतरे के निशान की तरफ बढ़ रही गंगा, यमुना भी करीब

**प्रयागराज।**

सिंचाई विभाग की सोमवार शाम चार बजे की रिपोर्ट के अनुसार फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 84.01 मीटर पहुंच गया था। गंगा के जलस्तर में प्रतिघंटे दो सेमी की बढ़ोतरी भी दर्ज की गई। नैनी में यमुना का जलस्तर 83.81 मीटर पहुंच गया और इसमें प्रतिघंटे 1.50 सेमी की वृद्धि दर्ज की गई। गंगा-यमुना नदियों का जलस्तर खतरे के निशान की तरफ बढ़ता दिख रहा है। गंगा का जलस्तर 84 मीटर के पार हो गया है तो यमुना का भी इसके करीब है। इसका नतीजा है कि एक दर्जन से अधिक बस्तियां बाढ़ की चपेट में आ गई हैं। मुश्किल यह कि दोनों नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी है और टोंस अब भी उफान पर है। ऐसे में बाढ़ का दायरा बढ़ता दिख रहा है। सिंचाई विभाग की सोमवार शाम चार बजे की रिपोर्ट के अनुसार फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 84.01 मीटर पहुंच गया था। गंगा के जलस्तर में प्रतिघंटे दो सेमी की बढ़ोतरी भी दर्ज की गई। नैनी में यमुना का जलस्तर 83.81 मीटर पहुंच गया और इसमें प्रतिघंटे 1.50 सेमी की वृद्धि दर्ज की गई। दोनों नदियों के खतरे का निशान 84.734 मीटर है। दोनों नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की रफ्तार कुछ कम जरूर हुई है लेकिन वृद्धि का सिलसिला अभी जारी रहेगा। अफसरों के अनुसार दोनों नदियों के जलस्तर में मंगलवार तक बढ़ोतरी जारी रहने के आसार हैं। इसके अलावा टोंस में ज्यादा पानी आ रहा है। इससे संगम के बाद पानी तेजी से निकल भी नहीं पा रहा है। इससे मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। जलस्तर बढ़ने के साथ बाढ़ का दायरा भी बढ़ता जा रहा है। बघाड़ा, सलोरी, बेली, राजापुर, नेवादा आदि मोहल्लों के कछारी इलाकों में ऊपर तक पानी आ गया है और एक दर्जन से अधिक बस्तियां प्रभावित हैं। गंगा के दोनों तरफ शहर की 13 बस्तियों के हजारों परिवारों को तीसरी बार घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसका नतीजा रहा कि सोमवार को राजापुर स्थित ऋषिकुल विद्यालय भी बाढ़ राहत शिविर में तब्दील हो गया और शाम तक पौने तीन सौ लोग इसमें पहुंच भी गए। इस तरह अब चार शिविर चालू हो गए हैं और इनमें करीब 250 परिवारों के 1100 से अधिक लोग पहुंचे हैं।

**एक दर्जन से अधिक बस्तियां बाढ़ की चपेट में**



## संपादक की कलम से

# उपराष्ट्रपति का चुनाव



ललित शर्मा
संपादक

आज देश के उपराष्ट्रपति का चुनाव है। संविधान के दूसरे सर्वोच्च पद का चुनाव आम सहमति से, निर्विरोध होना चाहिए, लेकिन डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का चुनाव निर्विरोध किया गया। वह 1952 और 1957 में देश के उपराष्ट्रपति चुने गए। यही नहीं, मई, 1962 से 1967 तक वह राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर भी रहे। वैसे 1979 में हिदायतुल्लाह और 1987 में शंकर दयाल शर्मा भी निर्विरोध उपराष्ट्रपति चुने गए थे। बहरहाल राष्ट्रपति देश के प्रथम नागरिक और सेनाओं के सुप्रीम कमांडर भी होते हैं। केंद्र सरकार राष्ट्रपति के नाम पर ही काम करती है, लिहाजा ऐसे पद पर निर्विरोध चुनाव की सहमति क्यों नहीं बन पाती, हम इस सवाल पर हैरान भी हैं और क्षुब्ध भी हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम देश के ऐसे राष्ट्रपति रहे, जिनके दूसरे कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति बनाने के प्रयास किए गए, लेकिन नाकाम रहे। हालांकि देश के मिसाइल मैन, परमाणु परीक्षणों के एक सूत्रधार रहे और भारत–रत्न के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत होने के बावजूद एपीजे को राष्ट्रपति बनने के लिए चुनावी बहुमत हासिल करना पड़ा था। मौजूदा उपराष्ट्रपति पद के लिए भी निर्विरोध चयन की कोशिशें मोदी सरकार ने की थीं। विपक्ष अच्छी तरह जानता था और अब भी स्पष्ट है कि लोकसभा और राज्यसभा के कुल सांसदों की गिनती सत्तारूढ़ भाजपा–एनडीए के पक्ष में है, फिर भी निर्विरोध चुनाव की कोशिशें खारिज कर दी गईं। विपक्ष चुनाव लडे को ही लोकतंत्र मानता है। यह मिथ्या अवधारणा है। लोकसभा स्पीकर का चुनाव बहुधा सर्वसम्मति से ही होता रहा है। आंकड़े तब भी सत्ता पक्ष के पाले में ही होते हैं। इस बार की लोकसभा में विपक्ष को करीब 236 सांसदों का समर्थन हासिल है। सामान्य बहुमत (272 सांसद) किसी भी पक्ष में नहीं है। भाजपा 240 सांसदों के साथ सदन में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी, लेकिन एनडीए के कुल सांसदों की संख्या 293 है, लिहाजा सरकार एनडीए की बनी। यदि स्पीकर पर आम सहमति बन सकती है, तो राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पदों के लिए ऐसा समविचारक निर्णय क्यों नहीं किया जा सकता? सरकार और विपक्ष को अब भी व्यापक मंथन करना चाहिए। बहरहाल कुछ अप्रत्याशित और अनपेक्षित नहीं हुआ, तो एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति चुनाव जीतना तय है। उनके पक्ष में लोकसभा में एनडीए के 299 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 140 सांसद हैं। राधाकृष्णन के पक्ष में कुल 439 सांसदों का समर्थन दिखता है। विपक्ष के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में कुल 324 सांसदों का समर्थन लगता है। विपक्ष के लोकसभा में 236 और राज्यसभा में 91 सांसद हैं। बीजद के 7, बीआरएस के 4, अकाली, जद–एस, वीओटीटीपी के 1–1 सांसद और 3 निर्दलीय सांसदों का समर्थन फिलहाल अनिश्चित और अघोषित है। आंध्रप्रदेश के वाईएसआर कांग्रेस ने एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की है। इस चुनाव में राजनीतिक दल कोई भी व्हिप जारी नहीं कर सकते। सांसद अपने विवेक पर मतदान करते हैं, लिहाजा कई बार पालाबदल भी होता रहा है। डॉ. राधाकृष्णन और हामिद अंसारी ही ऐसे नेता रहे हैं, जो लगातार दो बार उपराष्ट्रपति चुने गए।

मोनिका डागा आनंद



## श्राद्ध पक्ष

कविता

देने शुभ आशीर्वाद अपने वंशजों को सारे,
श्राद्ध पक्ष में धरती पर आते पूर्वज हमारे,
करते हैं वो शांति सुख समृद्धि की कामना,
रखना तुम भी सच्ची श्रद्धा प्रेम की भावना ।

फलते–फूलते रहे हमारे सारे बच्चे प्यारे–प्यारे,
सदा ही बने वो प्राणियों के रक्षक और सहारे,
पिंडदान और तर्पण श्रद्धा से तुम भी करना ,
अपने मन का दर्पण स्वच्छ व निर्मल रखना ।

भूल चूक जो हुई तो पितर सदा माफ करते,
अपने बच्चों के प्रेम भाव को स्वीकार करते,
क्षमा याचना तुम भी नि :संकोच उनसे करना,
अपनी गलतियों को स्वीकारने से मत डरना ।

आशीष सदा पूर्वजों का अपनों पर नित बरसे,
परिवार का हर एक सदस्य रहे खुशहाल मन से,
आदर कृतज्ञता ₹आनंद₹ पूर्वजों के प्रति रखना,
ये मनुज जन्म जो पाया आभार भी व्यक्त करना ।

कुशलता से सभी जिम्मेदारियों को निवृत्त करके,
मान रखना तुम अपनी परम्पराओं का बढ़ चढ़के,
ताकि पूर्वजों का चित हो शांत व प्रसन्नता से भरा,
गमन हो दिव्य मार्ग की ओर सुगम सुखमय हरा ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



# प्रकृति की नाराजगी को नहीं समझा तो मानव अस्तित्व खतरे में



## ललित गर्ग

प्रकृति अपनी उदारता में जितनी समृद्ध है, अपनी प्रतिशोधी प्रवृत्ति में उतनी ही कठोर है। जब तक मनुष्य उसके साथ तालमेल में रहता है, तब तक वह जीवन को वरदान देती है, जल, जंगल और जमीन के रूप में। लेकिन जैसे ही मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ण महत्वाकांक्षाओं और तथाकथित आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति की उपेक्षा करने लगता है, यही प्रकृति विनाश का रूप धारण कर लेती है। आज पूरे भारत में जो बाढ़, जल प्रलय और मौसम के अनियंत्रित बदलाव के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि हमारी गलतियों का सीधा परिणाम हैं। प्रकृति के इस रौद्र रूप के पीछे महज संयोग या ह्यकुदरत की नाराजगीह्व को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। यह आपदाएं सीधे-सीधे जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और अनियंत्रित विकास मॉडल का परिणाम हैं।

पहाड़ों का पारिस्थितिकी तंत्र अत्यंत संवेदनशील होता है, लेकिन नीतिनिमार्ताओं ने पहाड़ों के विकास को मैदानी मॉडल पर ढालने की कोशिश की। बड़े-बड़े होटल, अव्यवस्थित सड़कें, बांध, खनन और निर्माण ने पहाड़ों की नाजुक संरचना को हिला दिया। जब जंगल काटे जाते हैं तो वर्षा का पानी भूमि में समाने के बजाय सीधे तेज धाराओं के रूप में बहने लगता है। यही बाढ़ और भूस्खलन का बड़ा कारण बनता है, इसी से भारी तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है, देश के बड़े हिस्से में जन-जीवन अस्त-व्यस्त है, लाखों हेक्टेयर फसलें जनमग्न है, जान-माल का नुकसान भी बड़ा हुआ है, भारी आर्थिक नुकसान ने घना अंधेरा बिखेर दिया है। चारों ओर चिन्ताओं एवं परेशानियों के बादल मंडरा रहे हैं। आज की बाढ़ और जल प्रलय केवल पानी का उफान नहीं, बल्कि हमारी गलतियों का आईना है। यह प्रकृति का प्रतिशोध है, उसकी चेतावनी है कि यदि अब भी नहीं चेते तो भविष्य और भी विकराल होगा। महात्मा गांधी ने कहा था-ह्लप्रकृति हर किसी की आवश्यकता पूरी कर सकती है, लेकिन किसी के लालच को नहीं ह्व यही सच्चाई है। यदि हमने संतुलन नहीं सीखा, तो यह विनाशकारी दृश्य आने वाले वर्षों में और भयावह होंगे। लेकिन यदि हमने चेतावनी को अवसर माना, तो प्रकृति फिर से मां की तरह हमें संभाल लेगी। जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो उसका प्रकोप कितना घातक और विनाशकारी हो सकता है, यह इस वर्ष की मूसलाधार मानसूनी बारिश एवं बादल फटने की घटनाओं ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। सामान्यतः जल जीवन का आधार है, लेकिन जब वही जल अपनी मयार्दा तोड़कर प्रलयंकारी रूप में आता है तो घर, खेत, सड़क, पुल, मंदिर-मस्जिद और मानवीय जीवन तक बहाकर ले जाता है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के पहाड़ी राज्य इस समय प्रकृति के ऐसे ही कहर का दंश झेल रहे हैं। बादल फटने की अप्रत्याशित घटनाएं, पहाड़ों से टूटते हिमखंड, अचानक बहते मलबे और बेकाबू नदियों का सैलाब-ये सब मिलकर भयावह परिदृश्य खड़ा कर रहे हैं। वनों की कटाई ने न केवल भूमि की जलधारण क्षमता घटाई है, बल्कि स्थानीय जलवायु चक्र को भी प्रभावित किया है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है, जिससे पहाड़ी इलाकों में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और अप्रत्याशित समय पर अत्यधिक वर्षा हो रही है। यही कारण है कि बादल फटने जैसी घटनाएं पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई हैं। पहाड़ों की बस्तियां, जो कभी प्राकृतिक संतुलन में जीती थीं, अब मानवजनित गतिविधियों की मार झेल रही हैं। दरअसल, समस्या का मूल यह है कि हमने विकास की परिभाषा को केवल कंक्रीट और मशीनों से जोड़ दिया है। पर्यावरणीय संतुलन और पारिस्थितिकीय संवेदनशीलता को दरकिनार कर योजनाएं बनाई गईं। इसी का परिणाम है कि जब आपदा आती है तो न तो हमारी चेतावनी प्रणाली पर्याप्त साबित होती है और न ही प्रशासन की तैयारियां। सर्वोच्च न्यायालय में हिमाचल सरकार ने यह स्वीकार भी किया है कि अब तक अपनाए गए उपाय अपर्याप्त हैं। यह स्वीकारोक्ति बताती है कि समस्या कितनी गंभीर है। भारत की नदियाँ कभी जीवन का स्त्रोत मानी जाती थीं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी जैसी नदियों के किनारे सभ्यताएँ पली-बढ़ीं। लेकिन आज वही नदियाँ मौत का पैगाम बनकर आती हैं। कारण है उनके प्राकृतिक प्रवाह में मानवीय हस्तक्षेप-बेतरतीब बांध, अतिक्रमण, नालों में बदल चुकी धारा और किनारों पर बसी बस्तियाँ। भारत में हर साल औसतन 1,600 लोग बाढ़ से मारे जाते हैं और लगभग 75 लाख लोग प्रभावित होते हैं। फसलें तबाह होती हैं, पशुधन मरता है और अरबों रुपए की आर्थिक क्षति होती है। केवल 2023 में उत्तराखंड, हिमाचल और दिल्ली में आई बाढ़ से 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में मौसम का पैटर्न पूरी तरह बिगड़ चुका है। मानसून जो पहले जून से सितंबर तक नियमित हुआ करता था, अब अनिश्चित और असमान हो गया है। कभी 24 घंटे में महीनों की बारिश हो जाती है, तो कभी लंबे सूखे का दौर देखने को मिलता है। 2013 की केदारनाथ त्रासदी ने पहाड़ों में अंधाधुंध निर्माण की पोल खोल दी। 2023 में दिल्ली में यमुना का 45 साल का रिकॉर्ड टूटना इस बात का संकेत है कि शहर जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित शहरीकरण के सामने पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं।

देश के लगभग हर हिस्से में जल प्रलय की कहानियाँ देखी जा सकती हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में पहाड़ टूट रहे हैं, भूस्खलन से गांव उजड़ रहे हैं। बिहार और असम में बाढ़ हर साल लाखों लोगों को बेघर कर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे आधुनिक महानगर भी जलजमाव से पंगु हो जाते हैं। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में भी अनियंत्रित बारिश और बाढ़ का नया खतरा मंडरा रहा है। सड़कों पर नावें चल रही हैं, पुल बह गए हैं, खेत-खलिहान जलमग्न हैं। यह नजारा केवल विनाश का नहीं, बल्कि हमारी नासमझी का प्रमाण है। प्रकृति बार-बार संकेत देती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है, लेकिन हमने उसकी सीमाओं को लांघ दिया है। पहाड़ों को खोखला कर सुरंगें और सड़कें बनाई गईं। जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए। नदियों को उनके मार्ग से हटाकर कृत्रिम रास्तों में बांध दिया गया। आज जब बादल फटते हैं या नदियाँ बेकाबू होती हैं, तो यह केवल आपदा नहीं बल्कि प्रकृति का प्रतिशोध है। अब सवाल यह है कि इस संकट से निपटें कैसे। केवल राहत और मुआवजा देना समाधान नहीं है। आवश्यकता है दीर्घकालिक और ठोस कदम उठाने की। हमें जंगल बचाने होंगे, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना होगा, शहरी योजनाओं में जलनिकासी और हरियाली को महत्व देना होगा, पर्वतीय विकास में संयम लाना होगा और सबसे बढ़कर जनजागरूकता फैलानी होगी ताकि लोग समझ सकें कि पर्यावरण की रक्षा ही उनके जीवन की रक्षा है। जरूरत है कि आपदाओं को केवल ह्यप्राकृतिकह्ल न मानकर उन्हें ह्यमानव निर्मितह्ल एवं सरकार की गलत नीतियों की आपदाएंह्ल भी समझा जाए। इसका अर्थ है कि इनका समाधान केवल राहत और बचाव तक सीमित न रहकर दीर्घकालिक रणनीति से जुड़ा होना चाहिए। विशेषज्ञों की राय, वैज्ञानिक अध्ययन और स्थानीय समुदायों के अनुभवों को मिलाकर ऐसी नीतियां बननी चाहिएं, जो पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना और पारिस्थितिकी को ध्यान में रखें। प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति हमें चेतावनी दे रही है कि यदि हमने समय रहते संतुलित विकास का मार्ग नहीं चुना तो भविष्य और अधिक भयावह होगा। पूर्व चेतावनी प्रणाली को सशक्त बनाना, पहाड़ी राज्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, आपदा प्रबंधन तंत्र को त्वरित और प्रभावी बनाना, और सबसे बढ़कर-वनों एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना, यह सब आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली भारी जन-धन हानि को बर्दाश्त नहीं कर सकता। इस वर्ष की बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं केवल त्रासदी नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश हैं-कि प्रकृति के साथ असंतुलन की कीमत हमें अपने अस्तित्व से चुकानी पड़ सकती है। इसलिए विकास की नीतियों को पर्यावरण की दृष्टि से पुनर्परिभाषित करना ही इस संकट से उबरने का वास्तविक मार्ग है।

# मेड इन इंडिया अस्पतालः सस्ती और अभिनव विजय गर्ग



## विजय गर्ग

भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को ₹मेड इन इंडिया₹ अस्पतालों की बढ़ती संख्या द्वारा चिह्नित किया गया है जो सस्ती और अभिनव चिकित्सा देखभाल दोनों प्रदान करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति सरकारी पहलों, एक संपन्न स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और स्वदेशी चिकित्सा उपकरण निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के संयोजन से प्रेरित है। भारत में आज, स्वास्थ्य सेवा का विरोधाभास है। एक ओर, देश फार्मास्यूटिकल्स और टीकों में नवाचार और विनिर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। दूसरी ओर, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं काफी हद तक महानगरीय शहरों में केंद्रित हैं। भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी टियर कक, टियर ककक शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, फिर भी तृतीयक देखभाल - कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों या गुर्दे की विफलता जैसी स्थितियों के लिए महत्वपूर्ण है - अत्यधिक मेट्रो-केंद्रित है। यह शहरी तिरछा लाखों परिवारों को लंबी दूरी की यात्रा करने के लिए मजबूर करता है, अक्सर वित्तीय लागत को कम करने के लिए, देखभाल का उपयोग करने के लिए। इस असंतुलन का समाधान अधिक महानगरीय ₹सुपर-स्पेशियलिटी₹ द्वीप बनाने में नहीं है, बल्कि मेड इन इंडिया हॉस्पिटल्स के निर्माण में है - पूरी तरह से स्वदेशी चिकित्सा प्रौद्योगिकियों और बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित विश्व स्तरीय अभी तक सस्ती संस्थाएं। यह दृष्टि आकांक्षात्मक नहीं है; यह कार्रवाई योग्य है। सस्ती हेल्थकेयर और प्रमुख खिलाड़ी ₹मेड इन इंडिया₹ हेल्थकेयर मॉडल के सबसे परिभाषित पहलुओं में से एक सामर्थ्य पर इसका जोर है, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता चिकित्सा उपचार को व्यापक आबादी के लिए सुलभ बनाना है। इस प्रयास में कई अस्पतालों और सरकारी योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैः

मेड इन इंडिया हॉस्पिटल्स का आर्थिक प्रभाव बहु-गुना है। पहला लाभ सस्ती स्वदेशी उपकरणों की सोर्सिंग करके अस्पतालों के निर्माण की कम पूंजी लागत है। दूसरे, ये अस्पताल परिवारों के लिए भयावह स्वास्थ्य खर्च को रोकते हुए, रोगी व्यय को कम कर सकते हैं। तीसरा, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा और रसद में स्थानीय नौकरियां उत्पन्न की जाएंगी। अंत में, निर्यात को बढ़ावा मिलता है, भारत को आयातक से अस्पतालों और उपकरणों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता में बदल दिया जाता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात, वे हेल्थकेयर इक्विटी गैप को बंद कर देते हैं। टियर ककक शहर में एक कैंसर रोगी को कीमोथेरेपी के लिए मेट्रो से 500 किमी की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। मेड इन इंडिया हॉस्पिटल्स के साथ, देखभाल उनके दरवाजे पर आती है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान , नई दिल्लीः एक प्रमुख सरकारी संस्थान के रूप में, ऐआईआईऐएस अत्यधिक रियायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है। यह सरकारी धन प्राप्त करता है, जो निजी अस्पतालों की तुलना में परामर्श शुल्क, नैदानिक परीक्षण और सर्जिकल प्रक्रियाओं को काफी सस्ता बनाता है। एम्स समय से पहले शिशुओं के लिए स्वदेशी सर्फेक्टेंट विकसित करने जैसे अनुसंधान को भी अग्रणी करता है।

नारायण स्वास्थ्यः डॉ। देवी शेट्टी, एक प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन, नारायण हेल्थ उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल को जनता के लिए सस्ती बनाने के लिए समर्पित है। देश भर के अस्पतालों के नेटवर्क के साथ, यह लागत प्रभावी, उच्च मात्रा वाली स्वास्थ्य सेवा वितरण के लिए एक मॉडल बन गया है।

सरकारी योजनाएंः आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ( पीएम- जेऐवाई ) जैसी पहल महत्वपूर्ण हैं। पीएम- जेऐवाई दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना है, जो 120 मिलियन से अधिक कमजोर परिवारों को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति वर्ष $ 500,000 प्रति परिवार का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। इस योजना का उद्देश्य विनाशकारी स्वास्थ्य व्यय को कम करना है जो हर साल लाखों लोगों को गरीबी में धकेल देता है। नवाचार और प्रौद्योगिकी भारतीय अस्पताल और स्वास्थ्य-तकनीक कंपनियां नवाचार में सबसे आगे हैं, रोगी की देखभाल में सुधार, संचालन को सुव्यवस्थित करने और स्वदेशी चिकित्सा समाधान विकसित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही हैं। स्वदेशी चिकित्सा उपकरणः चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में ₹मेड इन इंडिया₹ आंदोलन मजबूत है। भारत सिरिंज और कैनुलस जैसे सरल उपभोग्य सामग्रियों से लेकर वेंटिलेटर, सीटी स्कैनर और सर्जिकल रोबोट जैसे अधिक जटिल उपकरणों तक उपकरणों की बढ़ती रेंज का निर्माण कर रहा है।

एसएसआई-मंत्रः एक उल्लेखनीय उदाहरण पहली बार ₹मेड-इन-इंडिया₹ सर्जिकल रोबोट प्रणाली है, जिसे मेड-टेक स्टार्टअप एसएस इनोवेशन द्वारा विकसित किया गया है, और नई दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर संस्थान में तैनात किया गया है।

# बुलंदशहर का लाल प्रभात गौड़ जम्मू कश्मीर के कुलगाँव में शहीद, आतंकियों से मुठभेड़ में लगी थी गोली

## श्रीनगर में जेसीओ के पद पर तैनात थे नरसेना के गांव पाली आनंदगढ़ी निवासी प्रभात गौड़

**वेलकम इंडिया**

**ऊंचा गांव प्रिंस कुमार राणा।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले का एक जवान जम्मू कश्मीर के कुलगाँव में आतंकियों से मुकाबला करते हुए शहीद हो गया। शहादत की खबर मिलते ही परिवार व गांव में शोक की लहर दौड़ गई है मंगलवार को शहीद जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव लाया जाएगा। जहां उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा सूचना मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नरसेना थाना क्षेत्र के गांव पाली आनंदगढ़ी निवासी प्रभात गौड़(46) पुत्र सत्य प्रकाश गौड़ जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में सेना में जेसीओ पेरा कमांडो के पद पर तैनात थे। पिता सत्य प्रकाश गौड़ ने बताया कि सन 1998 में प्रभात गौड़ सेना में भर्ती हुए थे और फिलहाल श्रीनगर में जेसीओ पैरा कमांडो के पद पर तैनात थे। सोमवार को आतंकवादियों से उनकी मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ के दौरान प्रभात को गोली लग गई और मौके पर ही शहीद हो गए मंगलवार को अंतिम संस्कार होगा, लोग पहुंच रहे घर शहीद प्रभात गौड़ का पार्थिव शरीर श्रीनगर से आज गांव लाया जाएगा। जहां उनका राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा. प्रभात गौड़ के शहीद होने की



सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। गांव के लोग उनके आवास पर एकत्र हो रहे हैं कुलगाँव इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सेना ने ऑपरेशन चलाया।

- इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें जवान प्रभात गौड़
- को गोली लग गई और मौके पर मौत हो गई और एक अन्य साथी घायल हो गया
- सेना ने इस मुठभेड़ मे एक आतंकवादी को भी मार गिराया

### गांव की प्रतिक्रिया

- जवान की शहादत की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।
- परिवार और गांव वाले गमगीन हैं, लेकिन साथ ही उनके साहस और बलिदान पर गर्व भी है।

# नगर के प्रसिद्ध श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में क्षमा वाणी पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** नगर के प्रसिद्ध श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में क्षमा वाणी पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कुमार जैन ने जबकि संचालन प्रमोद कुमार जैन ने किया। पूरे मंदिर परिसर को सुंदर सजावट से सजाया गया था और वातावरण में भक्ति, सौहार्द व आत्मचिंतन का अनुपम भाव देखने को मिला।

इस मौके पर विशेष रूप से इन्दौर से पधारी ब्रह्मचारिणी बहन श्रद्धेय बबीता दीदी एवं ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी ने श्रद्धालुओं को प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमें मन को निर्मल बनाकर चलना चाहिए। मन में कोई बैर, द्वेष या कटुता न रखें। क्षमा का भाव ही आत्मशुद्धि का मार्ग हैं। जब हम दूसरों को क्षमा करते हैं तो वास्तव में अपने मन को भी हल्का करते हैं और शांति की ओर बढ़ते हैं। कार्यक्रम में डा. प्रदीप जैन, योगेश जैन, नरेश जैन, अजय सेठी, अंजु जैन, वर्षा, रेखा जैन, मीनू, अनीता जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर क्षमा वाणी का महत्व समझा और इसे अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। मंदिर में भक्तों ने एक-दूसरे से क्षमा मांगकर पुराने मनमुटावों को समाप्त करने का संकल्प लिया। अंत में सामूहिक प्रार्थना कर विश्व में शांति, प्रेम और करुणा का संदेश फैलाने की कामना की गई। यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि आत्मिक उत्थान का एक प्रेरणादायी अवसर बन गया, जहाँ सभी ने क्षमा के माध्यम से जीवन को सरल, संतुलित और सुखमय बनाने का संकल्प लिया।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक आयोजित की



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक जिला अध्यक्ष पी.एस. उपाध्याय (नीटू उपाध्याय) के निवास पर हुई। बैठक में संगठन के बिस्तार पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिला संरक्षक, हरीश दुबे, जिला संयोजक, डॉ विनोद कुमार पांडे, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक, डॉ राजकुमार शर्मा, महानगर अध्यक्ष, चंचल शर्मा, महासचिव, मुदित उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष, विशाल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष, पवन शर्मा (बंटी शर्मा) जिला उपाध्यक्ष, शशांक शर्मा, जिला सचिव, प्रदीप शर्मा, जिला सचिव मानिक दुबे, जिला सचिव, हरिकेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष, सुभाष गोस्वामी, जयकुमार शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा बैराज में पहाड़ से पानी आने पर रावली बंधा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसकी मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा बैराज में पहाड़ से पानी आने के फलस्वरूप रावली बंधा क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसकी मरम्मत का कार्य कल रात्रि से युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि बंधे को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय एवं कार्यवाही की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम रावली सहित आसपास के ग्रामों एवं क्षेत्र में प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी कर्मचारियों के द्वारा अलर्ट जारी कर दिया गया है ताकि जन सामान्य जागरुक एवं सजग रहें। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा संभावित बाढ़ के दृष्टिगत राहत शिविरों, राहत सामग्री, पशुओं के चारे सहित सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर ली गई है ताकि किसी भी अपरिहार्य स्थिति में जान माल को सुरक्षित रखा जा सके। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा तट बंधन कटान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग सहित अन्य तकनीकी अधिकारियों के साथ पूरे प्रयास किये जा रहे हैं तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए मौके पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी के जवानों को भी तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत गंगा बैराज रोड पर भारी वाहनों का आवागमन बंद करा दिया गया है। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक पुलिस एवं तकनीकी अधिकारी मौजूद रहे।



# पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति के मनोनयन पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि रहे कारागार राज्य मंत्री



**वेलकम इंडिया**

**सीतापुर।** पत्रकार समाज का दर्पण होता है जो शासन प्रशासन को आइना दिखाने का कार्य करता है और गरीब पीडित शोषित जनता की आवाज बनता है।मगर प्रकाशित समाचार तथ्यपरक सत्य पर आधारित हो।इसके साथ ही समारोह में उपस्थित पत्रकारो व पत्रकार सुरक्षा सेवा समित के राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए बधाई भी दी।उक्त विचार सीतापुर के जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम में शिरकत करते हुए उ.प्र.सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के नजीबाबाद के द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षकों को सम्मानित किया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद नजीबाबाद के द्वारा वर्ष 8-9-2025 में सेवानिवृत्ति शिक्षकों को सम्मानित किया गया।रवा राजपूत धर्मशाला नजीबाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक उपस्थित हुए। ब्लॉक अध्यक्ष रोहताश सिंह व मंत्री बलवंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष शशि रानी और जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य मदन गोपाल टांक द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुवंरपाल सिंह संरक्षक ने की और संचालन मदन गोपाल टांक जिला कार्यकारिणी सदस्य द्वारा किया गया। सेवा निवृत्त शिक्षक मदन गोपाल चौहान, ऋषिपाल फौजी और बृजरानी को सम्मानित किया गया। समारोह में दो टीचर उपस्थित नहीं हो सके। कार्यक्रम में हर प्रसाद शास्त्री जयप्रकाश शर्मा, हरिदत्त शर्मा ,बाबूराम कोषाध्यक्ष ,सतपाल राजपूत आदि शिक्षकों ने अपने विचार रखें और संगठन की एकता पर बल दिया । नजीबाबाद ब्लॉक शिक्षकों का सम्मान समारोह प्रति वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर करता रहा है ।सम्मान समारोह के अंत में दिवंगत सेवानिवृत शिक्षकों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और कार्यक्रम का समापन हुआ।

# औषधि निरीक्षक ने मोरी गेट पर की छापेमारी, 17.72 लाख की दवायें सीज

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** रामपुर में नौजवानों को बर्बाद करने वाली नशीली दवाईयों के खिलाफ पुलिस व औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्यवाही कर करीब 18 हजार अवैध बोतलों को पकड़ा हैं इसके अलावा पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार कर जेल रवाना किया हैं। औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला मोरी गेट पर कुछ लोग गोदाम से अवैध नशीली दवाईयों का कारोबार कर रहे हैं। मुकेश कुमार ने कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर उक्त गोदाम पर छापामार कार्यवाही की। जिसमें अवैध कंडेक्टस टीआर 100 मिली की कफ सीरप की 11893 बोतल बरामद की जिसकी कीमत लगभग 17 लाख 72 हजार



रुपए बताई जा रहीं हैं। उन्होने बताया कि छापेमारी में कोतवाली पुलिस ने मौके से अब्दुल कादिर व मौ. तालिब को गिरफ्तार किया हैं इसके अलावा पुलिस को चकमा देकर मौके पर से अनीस व गुलफिशा फरार होने मे कामयाब रहीं। पुलिस उक्त दोनो वांछितों की तलाश कर रहीं हैं और पकड़े गये दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही की गई हैं। औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि बरामद की गई समस्त औषधियों को सीज कर दिया गया हैं और नियमानुसार एक नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया हैं जिसकी परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा।

# आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का डॉ० मनोज कटारिया ने फीता काटकर शुभारंभ किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फीना के तत्वावधान में श्री जाहरवीर देवता के मेले में लगी आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का वरिष्ठ पत्रकार डॉ० मनोज कटारिया ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में चांदपुर सेवा केन्द्र संचालिका राजयोगिनी बी० के० साधना दीदी, फीना सेवा केन्द्र संचालिका बी० के० पूजा दीदी, पूर्व प्रधान यशपाल भाई, ब्रह्मा कुमार महावीर भाई, सुनील भाई एवं ओमवीर भाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में आत्मज्ञान, सकारात्मक जीवनशैली और राजयोग की महत्ता को दशार्ने वाले चित्रों की



प्रदर्शनी लगाई गई। जिसकी अतिथियों ने सराहना करते हुए कहा कि यह समाज के लिए प्रेरणादायी है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ० मनोज कटारिया ने जनमानस से परमपिता शिव के आलौकिक रुप को जानने एवं जीवन सफल बनाने के लिए अपना ध्यान केन्द्रित करने का आहवान किया।

उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने की अपील करते हुए कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान से ही जीवन में सच्ची शांति और सुख संभव हैं।

# एक कदम मानवता की ओर पत्रकार सरफराज अब्बासी का...

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर नजीबाबाद।जहां एक ओर वर्तमान युग में एक-दूसरे की मदद के लिए खून के रिश्ते भी मुंह फेर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर एक कदम मानवता की ओर पत्रकार सरफराज अब्बासी का जो अनजान मरीजों की जान बचाने के लिये दूर दराज हो शहर हो वह एक आवाज पर ही पहुंच कर रक्तदान कर रहे हैं और आज भी 13 वी बार किसी रक्तदान कर किसी की जान बचाईं।

पत्रकार सरफराज अब्बासी का कहना हैं कि रक्तदान करें जिससे जीवन बचाया जा सके।रक्तदान से किसी का जीवन बदल सकता है आपके एक छोटे से प्रयास से किसी को एक नया



जीवन मिल सकता है।हर दिन, हर पल, रक्त की आवश्यकता होती है। एक थोडे से प्रयास से आप किसी की मदद कर सकते हैं। आइए, रक्तदान करके हम मानवता का कर्तव्य निभाएं। आपका एक रक्त दान किसी का जीवन बदल सकता है।

# डॉ. लोकेश शेखावत चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी की गवर्निंग कार्यकारी परिषद के सदस्य मनोनीत

**डॉ.शंभू पंवार**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल आशिम कुमार घोष ने शिक्षा जगत के प्रखर हस्ताक्षर एवं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. लोकेश शेखावत को चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी की गवर्निंग कार्यकारी परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। यह नियुक्ति आगामी तीन वर्ष तक प्रभावी रहेगी। विश्वविद्यालय की गवर्निंग कार्यकारी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक 11 सितम्बर को होगी, जिसमें डॉ. शेखावत अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. लोकेश शेखावत शिक्षा-जगत की उन दुर्लभ विभूतियों में से हैं जिन्होंने अपने शोध, प्रशासनिक कुशलता और अकादमिक नेतृत्व से



विश्वविद्यालयों को नई पहचान दी।आप जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति रहे और वहाँ कई शैक्षिक सुधारों की आधारशिला रखी।राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सक्रिय भागीदारी कर आपने भारतीय शिक्षा और संस्कृति को विश्व-पटल पर स्थापित किया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, शोध और गुणवत्तापूर्ण अधिगम को प्रोत्साहित करने के लिए आपका योगदान अद्वितीय रहा है।आपके नेतृत्व में विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच संवाद की परंपरा को बल मिला तथा अनेक शैक्षिक योजनाएँ मूर्त रूप ले सकीं।

# मोर्डन पब्लिक स्कूल सीरतुन्नबी कम्पटीशन आयोजित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद के अहमद नगर स्थित एम. मोर्डन पब्लिक स्कूल, में सीरतुन्नबी कम्पटीशन आयोजित किया गया, होप वैलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित हुए कम्पटीशन में कक्षा आठ से कक्षा 12 तक के बच्चो ने हिस्सा लिया, कम्पटीशन के पेपर में 100 सवाल बहुविकल्पीय दिए, कम्पटीशन में प्रथम स्थान लाने वाले बच्चे के लिए पहला ईनाम दस हजार दूसरा ईनाम सात हजार पांच सौ और तीसरा ईनाम पांच हजार रुपए रखा गया, इनके अलावा अन्य बच्चों को पुरुस्कार दिए जायेगे, प्रतिभाग करने वाले अभियर्थियों को प्रमाण पत्र दिया जायगा। इस कम्पटीशन का रिजल्ट और पुरुस्कार आगामी 21 सितम्बर दिन इतवार को नजीबाबाद प्राइवेट आई टी आई में दिए जायगे। परीक्षा में कमर अख्तर, मोइनुद्दीन, मौलाना आतिक, कारी अरशद, सरफराज, एहतेशाम निजामी, तनसीर, मौलाना सलमान, उस्मान, दिलशाद अहमद, मौ यासर, वसीम, इमरान, शादान, साहिल, शुजा हसन आदि के अतिरिक्त स्कूल प्रबंधन मौहम्मद शारिक मौजूद रहे। प्रोग्राम में 571 अभियार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 527 अभियर्थियों ने प्रतिभाग किया।



# सरावनी के शिव मंदिर सौंदर्यकरण हेतु एक करोड़ की स्वीकृति, मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया दौरा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद के ग्राम सरावनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर अब और भव्य स्वरूप में नजर आएगा। बताते चलें उत्तर प्रदेश सरकार ने मंदिर के सौंदर्यकरण के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। यह राशि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप के प्रस्ताव पर मंजूर हुई है।

राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए यह धनराशि उपलब्ध कराई है। उन्होंने दोनों मंत्रियों का आभार जताते हुए कहा कि सरकार की यह पहल न केवल धार्मिक धरोहर को संवारने का काम करेगी, बल्कि क्षेत्र की पहचान को भी नई ऊंचाई देगी।मंदिर सौंदर्यकरण की खबर से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में उत्साह है। स्थानीय निवासी अजय ने बताया कि वर्षों से मंदिर में बुनियादी सुविधाओं की कमी थी।अब जब सरकार ने धनराशि स्वीकृत की है, तो श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए भी यहां आना आसान होगा।

ग्रामवासी सुनीता ने कहा कि शिव मंदिर उनके गांव की आस्था का केंद्र है। सरकार की यह पहल हमारे लिए गर्व की बात है। यह सिर्फ सौंदर्यकरण नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और आस्था के प्रति सम्मान है।

नरेंद्र कश्यप ने कहा कि विशेषज्ञ मानते हैं कि मंदिर का स्वरूप निखरने के बाद यह स्थान धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर और मजबूती से दर्ज होगा। इससे न केवल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी बल्कि आसपास के व्यापारियों और दुकानदारों को भी लाभ मिलेगा। यह परियोजना हापुड़ जनपद की धार्मिक पहचान को मजबूत करेगी। इस कार्यक्रम को लेकर स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप स्वयं मंदिर स्थल का निरीक्षण किया।

## पीड़ित परिवार को विधायक ने दो लाख पैंतीस हजार रुपए का सौंपा चेक

**बुलंदशहर।** ककोड क्षेत्र के गाँव नगला गोविंदपुर में लगातार बरसात के चलते 3 तारीख मे देर रात को 8 बजे दो मंज़िला मकान जमींदोज हो गया मकान के मलबे में दबने से जिसमें नौ पशुओं की मौत हो गई सोमवार को क्षेत्रीय विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मी राज सिह पीडित परिवार को गाँव पहुँच कर 2 लाख 35 हजार रुपए का चैक दिया विधायक ने बताया है कि दो चैक दिये गये है एक चैक मकान एक चैक पशुओ के लिये दिया गया है उधर प्रधान पति दीवान अली ने बताया कि बबलू उर्फ न्याजू पुत्र नूर मौ० गाँव में दो मजिल मकान बना हुआ था मकान की दूसरी मंज़िल पर परिवार के साथ बब्लू रहता है और नीचे पशु रहते है बब्लू के मकान के बराबर में बब्लू का भाई आस मोहम्मद का मकान है बब्लू का परिवार के सभी लोग बराबर में भाई के मकान में थे दो मंज़िला मकान दो मिनट में ही जमींदोज हो गया था।

# पगना क्षेत्र में ट्रंचिंग ग्राउंड बनाए जाने का विरोध शुरू



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** नगर पालिका द्वारापगना ग्राम पंचायत के समीप कूड़ा निस्तारण के लिए बनाने वाले ट्रंचिंग ग्राउंड का विरोध शुरू हो गया है।पगना, खोला, बरकूना और बेहरगांव के ग्रामीणों नेनगर पालिका द्वारा गांव के समीप ही ट्रेचिंग ग्राउंड बनाए जाने की सुगबुगाहट सुनने के बाद उसके विरोध में अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।क्षेत्र के लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

डीएम को ज्ञापन सौंपकर ट्रंचिंग ग्राउंड ग्रामीण क्षेत्र के बजाए पालिका क्षेत्र में बनाने की मांग की।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जबरन गांव के आसपास ट्रंचिंग ग्राउंड बनाया गया तो आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा।

ग्रामीण सोमवार को ट्रेचिंग ग्राउंड को गांव के समीप बनाए जाने की सुगबुगाहट सुनते ही आग बबूला हो गए।और इसके विरोध में कलक्ट्रेट में धमक गए।यहां नारेबाजी के साथ ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि ट्रंचिंग ग्राउंड का वह पहले भी विरोध कर चुके हैं।इसके बावजूद नगर पालिका ने निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की है। कहा कि निर्माण स्थल से 100 मीटर दूरी पर बरकूना तोक है। यहां 12 परिवार अनुसूचित जाति के निवास करते हैं। 100 मीटर की दूरी पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्थापित है।प्रस्तावित स्थल गांव के पशुओं का प्रमुख चरागाह है।चयनित स्थल का पूर्व में कई बार विरोध किया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से निविदा प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।

## जीपीए 16 सितम्बर को सीएम को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को देगा

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी के नेतृत्व में आगामी 16 सितम्बर को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जाएगा। उक्त जानकारी खलीलाबाद तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी ने देते हुए तहसील क्षेत्र के मंडल, जिला और तहसील पदाधिकारियों से पहुंचने की अपील की है।

## पुलिस ने गैर इरादतन के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे, अ0नि0 रामेश्वर यादव, का0 रजनीश यादव, का0 मुन्नेलाल गुप्ता ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 439/2025 धारा 105 बीएनएस में वांछित अभियुक्त भोलेनाथ पुत्र चन्द्रबली निवासी उमरिया थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर सोमवार को खलीलाबाद बिड़हरघाट मार्ग बिड़हरघाट से नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि दिनाँक 05.09.2025 को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा अपनी प्रेमिका को किसी अन्य से बात करने से मना करने व आपसी विवाद करते हुए अपनी प्रेमिका के सर पर डण्डे से मारा जिससे वह बेहोश हो गयी ।इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर द्वारा उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया था । थाना स्थानीय पर प्राप्त मेमों के आधार पर मु0अ0स0 439/2025 धारा 105 बीएनएस पंजीकृत कर थाना धनघटा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।

## प्राथमिक शिक्षक 16 को देंगे पीएम को ज्ञापन

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष अंबिका देवी यादव एवं जिला उपाध्यक्ष जफीर अली करखी ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 16सितंबर को जिलाधिकारी के माध्यम से मा० प्रधानमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन दिया जायेगा ।प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद शर्मा के नेतृत्व में टीईटी की अनिवार्यता को लेकर एक अति आवश्यक मीटिंग आहुत की गई है। ब्लॉक व जिला स्तर पर शिक्षक पूरी मजबूती व एकता के साथ संगठन के निर्देश का पालन किया जाएगा। अंबिका देवी यादव ने कहा उ. प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ व्हाट्सएप पर नहीं अपने संघर्ष एवं आंदोलन पर विश्वास करता है ।जफीर अली कारखी ने शिक्षकों का आह्वान किया कि अपनी एकता एकजुटता को बनाएं रखें।16 सितंबर को जिला मुख्यालय पर पहुंचने का आह्वान किया।

## पुलिस ने वरिष्ठ पत्रकार सहित समाजसेवी को किया सम्मानित



**बागेश्वर।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सही समय पर मदद कर अस्पताल पहुंचाने एवं पुलिस को सूचित करने वाले दो व्यक्तियों को पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के आदेशानुसार पुलिस उपाधीक्षक कपकोट मनीष शर्मा द्वारा वरिष्ठ पत्रकार और बागेश्वर में रेडक्रॉस सोसायटी के संस्थापक सदस्य रहे अशोक लोहुमी, एवं रेडक्रास सोसायटी के पूर्व चेयरमेन और समाजसेवी संजय साह जगाती, को पुलिस कार्यालय में प्रस्तुति पत्र देकर नेक व्यक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया ।मालूम हो कि दोनों व्यक्तियों द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्षेत्र में मानवीयता का परिचय देते हुए समाजसेवा के कार्य किए जाते हैं।

## असिस्टेंट प्रोफेसर डा. लता आर्या सक्षम प्राइड अवार्ड से सम्मानित



**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. लता आर्या को सक्षम सोसायटी जयपुर,राजस्थान ने सक्षम प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया है।उन्हें यह पुरस्कार शिक्षा, शोध और समाज के उत्थान के लिए प्रदान किया गया।इससे पूर्व भी डा. लता को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।उनके सम्मानित किए जाने पर प्रभारी प्राचार्य डा. शिवप्रकाश राय, डा. अवधेश तिवारी, डा. दिवाकर टम्टा, उर्वशी टम्टा, डा. श्वेता पंत, पवन नगरकोटी, नरेंद्र सिंह, शुभम चौधरी, सुरेश कुमार, गणेश नाथ आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा खेल के मैदानों का किया गया औचक निरीक्षण

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्मित कराये गये अमृत सरोवरों व खेल के मैदानों का निर्माण कराया गया है। अमृत सरोवर बनाये जाने का उद्देश्य जल संरक्षण के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर एक रमणीक स्थल का विकास करना है, जिससे आस-पास के ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। इसी प्रकार खेल के मैदान इस उद्देश्य से बनाये गये है कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देते हुये युवा भारत के खेलकूद एवं ग्रामीण जन मानस के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाय।

मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ दिव्या मिश्रा द्वारा वर्तमान में वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये जनपद में बनाये गये समस्त अमृत सरोवरों और खेल के मैदानों में आवश्यकतानुसार साफ-सफाई के निर्देश जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को दिये गये है। इसी क्रम में उपायुक्त श्रम रोजगार संतोष कुमार सिंह द्वारा विकास खण्ड सण्डवा चन्द्रिका की ग्राम पंचायत रायचन्द्रपुर, अर्जुनपुर एवं बझान में निर्मित खेल के मैदानों का औचक निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव को आवश्यक निर्देश दिये गये और कहा कि वर्षा ऋतु के दृष्टिगत अमृत सरोवरों एवं खेल के मैदानों की साफ-सफाई करायी जाये।

## लाल किले से चोरी हुए कलश के साथ एक व्यक्ति की गिरफ्तारी, दो व्यक्तियों दबिश




वरूण मिश्रा,सीओ, हापुड़

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद में बीती देर रात्रि में दिल्ली पुलिस द्वारा दिल्ली के लाल किला से चोरी हुए लगभग एक करोड़ कीमत के कलश के संबंध में थाना हापुड़ देहात क्षेत्र की वैशाली कॉलोनी में दबिश देकर भूषण वर्मा नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था दिल्ली पुलिस द्वारा कलश चोरी के संबंध में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को लेकर क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर वरुण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी क्रम में सोमवार को पुनः दिल्ली पुलिस द्वारा थाना हापुड़ नगर क्षेत्र से दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ हेतु अपने साथ ले गई है बताते चलें कि लाल किला दिल्ली के परिसर से जैन समाज के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान कीमती कलश चोरी होने का मामला सामने आया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही थी सीसीटीवी की मदद से मामले में लिप्त 48 वर्षीय आरोपी भूषण वर्मा पुत्र रनवीर वर्मा निवासी वैशाली कॉलोनी थाना हापुड़ देहात को घर से गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने सोमवार को हापुड़ से दो और आरोपियों को पूछताछ हेतु अपने साथ ले गई है।

## श्राद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगा कर पितरों को पिलाया जल

**रामघाट/बुलंदशहर।** रामघाट नरौरा गंगा घाट पर भाद्र मास की श्राद्ध पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर पितरों की आत्मा की शांति के लिए जल पिलाया गंगा घाट पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही आपको बता दें गत वर्षो की भांति भाद्र मास की श्राद्ध पूर्णिमा के अवसर पर रामघाट नरौरा गंगा घाट पर अलग अलग जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण पिंडदान श्राद्ध आदि कर्म किया अपने पूर्वजों के लिए समर्पित श्राद्ध पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना जाता है श्राद्ध पूर्णिमा के बाद से ही पितृ पक्ष प्रारंभ होकर अमावस्या तक चलता है श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करते समय हर हर गंगे जयकारों घोषों के साथ गंगा स्नान किया गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर ही श्रद्धालुओं ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराकर गंगा मां से मन्नत मांगी।

# अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिले में आई प्राकृतिक आपदा के बाद हुए नुकसान का विस्तृत ब्यौरा एकत्रित करने हेतु केंद्र सरकार की टीम बागेश्वर जिले में निरीक्षण हेतु पहुंची है। केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (कटउळ) ने सोमवार को जनपद के पौंसारी, बैसानी क्षेत्र तथा जगथाना मोटर मार्ग सहित आपदा प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया।

टीम का उद्देश्य आपदा से हुए जनझ्धन, आधारभूत संरचना, कृषि एवं स्थानीय आजीविका को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन करना तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा कर इसकी विस्तृत जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजना है। टीम के सदस्य सोमवार को हेलीकॉप्टर से चार बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हेलीपैड पहुँचे,जहां टीम जिलाधिकारी से मिली।जहाँ से वे सीधे पौंसारी के लिए रवाना हुए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याएँ जानीं तथा राहतझ्पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी सीडीओ और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे त्वरित राहत एवं पुनर्वास प्रयासों की सराहना करते हुए सुरक्षित स्थानों पर पुनर्वास के लिए अपनी मांग रखी।विशेषज्ञ टीम ने आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में हुए नुकसान का विस्तृत ब्यौरा देखा। टीम के नोडल निदेशक,कृषि मंत्रालय वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय जल आयोग अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार,वित्त मंत्रालय अवर सचिव शेर बहादुर, तथा डॉ. शांतनु सरकार, उत्तराखंड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर,देहरादून के निदेशक शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने सड़कों, पुलों, सार्वजनिक भवनों, विद्युत एवं जल आपूर्ति लाइनों को हुए नुकसान के साथझसाथ कृषि, फसलों, पशुधन और अन्य स्थानीय आजीविका साधनों की क्षति का जायजा लिया। उन्होंने आपदा के समय मूलभूत सुविधाओं की बहाली और भोजन, पेयजल, चिकित्सा सहायता, अस्थायी आश्रयों एवं बचाव कार्यों की भी जानकारी ली।

## पुलिस ने हत्या के मामले में 01 अभियुक्ता व 02 बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेहदावल सर्वदवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहरकला अनिल कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 श्री हरेन्द्र सिंह, उ0नि0 हरेराम यादव, हे0का0 पवन कुमार यादव, का0 संतोष चौहान, का0 ओमप्रकाश चौरसिया, का0 रविन्द्र निषाद,म0का0 वैष्णवी शुक्ला ने मु0अ0सं0 215/2025 धारा 103(1) बीएनएस मे वांछित अभियुक्ता ज्योति उर्फ सोनी पुत्री स्व0 जगदीश व 02 बाल अपचारी निवासीगण दासडीह थाना बेलहरकला को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

विदित हो कि दिनांक 07/08.09.2025 कि रात्रि समय करीब 23.00 बजे सीएचसी सेमरियावा से मेमो थाना बेलहरकला पर प्राप्त हुआ कि ग्राम दासडीह निवासी पिन्टू पुत्र जीवन राम उम्र करीब 30 वर्ष निवासी दासडीह थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर व विपक्षी सोनी पुत्री स्व0 जगदीश, गोपाल पुत्र अनिल, अनिल पुत्र स्व0 जगदीश निवासीगण दासडीह थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर के बीच बच्चो को लेकर झगड़ा तथा आपस मे मारपीट हुआ है जिसमे पिन्टू पुत्र जीवराम को सीएचसी सेमरियावा ईलाज हेतु ले जाया गया है ।जहाँ पर चिकित्सक द्वारा जाँच उपरान्त पिण्टू को मृत घोषित कर दिया गया है ।उक्त विवाद 02 दिन पूर्व बच्चों के बिच हुआ था इस बात को लेकर के 02 दिन से आपस में कहा सुनी हो रही थी ।दिनांक 07/08.09.2025 कि रात्रि 10:00 बजे मृतक काली मंदिर जो सोनी के घर के सामने है बैठा था जहां सोनी और उसके परिवार के लोग उसको उल्टा सीधा बोलने लगे, इसी बात को लेकर के झगड़ा हुआ, मृतक जाकर के अपने छत पर बैठ गया ।

## चप्पे-चप्पे पर बाबूगढ़ पुलिस का पहरा



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद के अपराधियों में खौफ पैदा करने और अपराध को रोकने के लिए के साथ शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना बाबूगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र सिंह द्वारा मय पुलिस बल के साथ लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों,बाजार व बछलौता को जाने वाले मार्ग पर में पैदल गस्त कर संदिग्ध वाहनों को रोककर तलाशी ली गई। थाना बाबूगढ़ प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह पैदल गश्त की गई हैसाथ ही सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, अपराधों पर अंकुश लगाने और दो पहिया व चार पहिया वाहन चलने वाले लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की अपील की गई और अवैध हथियारों और शराब की तस्करी रोकने के लिए वाहनों की डिक्की की तलाशी ली गई।

# नव चयनित कनिष्ठ सहायक एवं एक्स-रे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र का किया वितरण

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आज लखनऊ लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत नव चयनित कनिष्ठ सहायक एवं एक्स-रे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नव चयनित अभ्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया । इसी क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मा0 कैबिनेट मंत्री द्वारा की गई नियुक्ति पत्र वितरण के दृष्टिगत आयोजित कार्यक्रम में मा0 कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, मा0 विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, मा0 मेयर विनोद अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा जनपद के नव चयनित 8 कनिष्ठ सहायक एवं 2 एक्स-रे टेक्निशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए । कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने जनपद मथुरा के नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा अपने पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव यादव ,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार, डॉ अनुज चौधरी, डॉ भूदेव सिंह ,डॉ रोहिताश सिंह, डॉ पियूष सोनी ,जिला प्रशासनिक अधिकारी डॉ अनुज कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी जितेंद्र सिंह, डीसीपीएम पारुल शर्मा, फौजिया खानम, ओम शर्मा आदि उपस्थित रहे। नियुक्ति पत्र पाने वालों में अभिषेक चौधरी, जयवीर , कपिल देव दीक्षित , विनीता सिंह पवन कुमार आदि रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू चढूंनी ने गोवर्धन तहसील पर किया प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** भाकियू चढूंनी के सैकड़ों कार्यकर्ता किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन देने गोवर्धन तहसील नारेबाजी करते हुए पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर किसानों की अनदेखी करने का शासन, प्रशासन पर आरोप लगा प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया, समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। उपजिला अधिकारी गोवर्धन ने जल्द निस्तारण करने का भरोसा दिलाया उसके बाद मुख्यमंत्री को प्रेषित 11 सूत्रीय ज्ञापन उपजिला अधिकारी गोवर्धन को सौंपा।

आगरा मंडल अध्यक्ष/प्रदेश प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर ने कहा किसानों की आर्थिक स्थिति खराब है, मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद भी किसानों के काम समय पर नहीं हो रहे हैं। नगला भूरिया , लालपुर, सौन, भदार आदि गांवों में जलभराव से फसलें खराब हो गई हैं। अगली फसल बोने के लाले पड़ गए हैं। तहसील से जलमग्न फसलों का मौके पर दौरा करके सही तरीके से जांच करवायी जाये और किसानों को उचित सम्मानजनक मुआवजा दिया जाए।

जिलाध्यक्ष संजय पाराशर, तहसील अध्यक्ष सत्यवीर, ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीदास ने कहा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रहा है, कोरे आश्वासन दिए जा रहे हैं। तहसील पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानों को छोटे मोटे कामों के लिए किसानों को परेशान किया जा रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना सुविधा शुल्क के कोई काम समय पर नहीं किया जाता। जिला अध्यक्ष ने कहा नहर बंबा सिल्ट और जलकुंभी से अटे पड़े हैं। रवी की फसल के समय सफाई कराई जाती है जिससे किसानों को फसल के समय पानी नहीं मिलता, अघोषित विद्युत कटौती गंभीर समस्या बनी है। पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही है। एफआईआर का डर दिखाकर लोगों को परेशान एवं लोगों का उत्पीड़ित किया जा रहा है। उपभोक्ता गलत बिलों को ठीक कराने के लिए चक्कर लगा रहे हैं, जिम्मेदार संवेदनशील नहीं हैं। आवारा पशुओं एवं निराश्रित गौवंश खेती किसानी को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## काव्य लेखन में देवेश निबंध लेखन में अजीम ने बाजी मारी

**औरंगाबाद /बुलंदशहर ।** दीक्षोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर हरेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ खेलों और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिससे उनके व्यक्तित्व का चहूमुखी विकास संभव हो सके। काव्य लेखन प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में देवेश कुमार प्रथम तथा मोहित गौतम द्वितीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में नाजिया प्रथम और मीनू द्वितीय स्थान पर रहीं।

# एक्स-रे टेक्नीशियन और कनिष्ठ सहायक के सात युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोक भवन सभागार में 1112 कनिष्ठ सहायक और 22 एक्स-रे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र दिए। यह भर्ती उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा की गई।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सिद्धार्थनगर के अम्बेडकर सभागार में किया गया।

इस मौके पर बांसी विधायक जय प्रताप सिंह, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही और डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून मौजूद रहे। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर० और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

बांसी विधायक ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अब तक 8.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है।उन्होंने नए नियुक्त कर्मचारियों से ईमानदारी से काम करने का आग्रह किया।

कपिलवस्तु विधायक ने कहा कि सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से हजारों परिवारों में खुशियां आई हैं।सिद्धार्थनगर जिले के सात युवाओं को भी नियुक्ति मिली है। इनमें अमित गुप्ता, अरविन्द कुमार गौतम, आशीष कुमार पाण्डेय, दया शंकर मिश्रा, शिव कुमार पाठक, स्वपनिल श्रीवास्तव और उमाशंकर वर्नवाल शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी नियुक्त कर्मचारियों से जनता की सेवा में समर्पण भाव से काम करने की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, नवनियुक्त अभ्यर्थी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान के घर चोरों ने मचाया ताडंव, जेवरात सहित नगदी चोरी




**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**पकड़ी/सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र के पकड़ी के परसा शुकुरुल्लाह में एक घर में चोरों ने बडी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने पीड़ित के घर को खंगाल कर उसे कंगाल कर दिया। पूर्व प्रधान चांद खा के घर हुई चोरी में जेवरात सहित नगद रुपया लेकर चोर फरार हो गए। पुलिस बूथ से थोड़ी दूर पर स्थित घर का ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना को चोरों का बढ़ता आतंक बताया जा रहा है। पीड़ित ने उसका बाजार थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# शालीमार बाग मे बीक रहा था असली के नाम पर नकली, अब पकड़ा गया ये शातिर

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** नई दिल्लीः नॉर्थ वेस्ट की डीआईयू ने शालीमार बाग में नकली लग्जरी सामान के रैकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने शालीमार बाग निवासी मोहित सचदेवा नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि नकली सामान बनाने और बेचने का काम करता था। पुलिस ने बड़ी संख्या में जूते, घड़ियां और कपड़े बरामद किए हैं । दुकान से नकली चीजें बरामद नॉर्थ वेस्ट जिले के एडिशनल डीसीपी सिकंदर सिंह के मुताबिक मोहित सचदेवा की दुकान से 13 टीशर्ट 12 जोड़ी धूप के चश्मे, 14 शर्त, 3 जोड़ी जींस, 2 कलाई की घड़ी, 5 जोड़ी जूते, 4 जोड़ी मौजे, 3 टोपियां, 3 जोड़ी पेंट, और एक बेल्ट बरामद की है, यही नही दुकान से कई खाली और नकली ब्रांड टैग भी मिले है जिसका इस्तेमाल ग्राहक को असली प्रोडक्ट का झांसा देने के लिए किया जा रहा था।पुलिस ने तपतीश शुरू की और छापेमारी की जांच में यह खुलासा हुआ कि मोहित ने नकली सामान बनाने के लिए अवैध फैक्ट्री बना रखी थी।उसने स्वीकार किया नकली लेबल और पैकेजिंग तैयार कराकर वो इन प्रोडक्ट्स को बाजार में उतरता था पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट ट्रेडमार्क एक्ट के तहत तेज दर्ज किया है मामले की आगे की जांच जारी है।

# इंडो नेपाल बॉर्डर पर बने अवैध मकानो पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा स्थित ककरहवा बॉर्डर पर सोमवार को प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। लोक निर्माण विभाग पर्यटकों के लिए स्वागत द्वार का निर्माण करा रहा है। विभाग ने निर्माण क्षेत्र से सटे मकान मालिकों को 7 सितंबर तक अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था।समय सीमा समाप्त होने पर प्रशासन ने सोमवार को कार्रवाई शुरू की। प्रशासनिक अमले को देखकर कई लोगों ने स्वयं अपने मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया। कुछ मकानों को बुलडोजर से हटाया गया।

कार्रवाई में उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव मौजूद रहे। राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी और लेखपाल शिव शंकर यादव, रवि पांडेय, शशांक सौरभ, आनंद दुर्गेश पांडेय, प्रदीप कुमार, विनय पांडेय और रणधीर कुमार भी उपस्थित थे। सहायक अभियंता मनीष सिंह, कनिष्ठ अभियंता यादवेंद्र यादव के साथ मोहना थानाप्रभारी रोहित उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। चौकी प्रभारी वीरेंद्र यादव भी कार्रवाई में शामिल रहे।

## द मानसून यूनिसेक्स सैलून एंड अकादमी का हुआ भव्य उद्घाटन

**झांसी।** इलाइट चौराहे के समीप द मानसून यूनिसेक्स सैलून एंड अकादमी का भव्य उद्घाटन समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत झांसी की प्रख्यात बिजनेसविमेन पूजा खुराना एवं जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह द्वारा विधिवत रूप से फीता काट कर किया गया। इस मौके पर पूजा खुराना ने सैलून की संचालिका इनाया एवं सिम्मी को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह महिलाओं को स्टार्टअप की पहल करनी चाहिए और परस्पर प्रगति की ओर बढ़ना चाहिए।

इनाया ने बताया कि इसमें ब्लीचिंग, फेशियल, बालों की कटिंग, वैक्सिंग, हेयर कलर एवं स्ट्रेटनिंग, पेडीक्योर, मेडिक्योर आदि के लिए एक्सपर्ट मौजूद होंगे जो कि किफायती दर पर बेहतरीन सेवा देने में माहिर है।

# राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हापुड़ की शिक्षिका जयश्री चयनकर्ता के रूप में हुई नामित

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के बरेली में दो दिवसीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हापुड़ की व्यायाम शिक्षिका जयश्री को चयनकर्ता के रूप में नामित किया गया है तथा दो छात्राओं का भी राज्य स्तर पर चयन किया गया। बरेली में नौ से 11 सितम्बर तक आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में व्यायाम शिक्षिका जयश्री चयनकर्ता के रूप में नामित किया गया है, साथ ही साथ जयश्री व्यायाम शिक्षिका द्वारा प्रशिक्षित जनपद हापुड़ के धौलाना विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बैझेडा खुर्द की कक्षा 8 की दो छात्राओं शालू व वंशिका का चयन भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है।जयश्री के चयन से बेसिक शिक्षा विभाग की मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बंधाई दी व सभी खेल प्रेमियों में हर्ष का विषय है कि बेसिक विभाग से भी स्कूल गेमस्फेडरेशन में व्यायाम शिक्षकों को चयन कर्ता के रूप में प्रतिभागिता का मौका मिल रहा है, कंपोजिट विद्यालय बैझेडा खुर्द के समस्त स्टाफ ने दोनों छात्राओं को बहुत सारा आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी।

# कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा

**मथुरा/कोसीकलां।** थाना पुलिस ने हाइवे स्थित हल्दीराम होटल कोटवन की पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी युवक को हिरासत में लिया है, युवक के कब्जे से चोरी किया हुआ माल बरामद किया है। आरोपी युवक जितेन्द्र पुत्र हरिकिशन निवासी धमतान साहिब थाना गढ़ी, जिला जींद, हरियाणा के कब्जे से 72,500 रुपये नगद, एक तमंचा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस, एक एन्ड्रायड फोन, नीला पिट्ठू बैग, एक पेचकस और एक मोटरसाइकिल अपाचे बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह व उसका साथी संदीप निवासी खांडा खेडी थाना नारनोद जिला हिसार मिलकर हाईवे किनारे होटलों की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी की घटनाएं अंजाम देते थे।

# महिला चोर की सूचना पर पहुंची पुलिस की गाड़ी पर ग्रामीणों ने किया पथराव



**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर के नादेपार गांव में रविवार देर रात एक विवाद हुआ। ग्रामीणों ने एक मानसिक रूप से बीमार महिला को चोर समझ लिया। महिला गांव में भटक रही थी। उसके उलझे जवाबों से ग्रामीणों को शक हुआ। सूचना मिलते ही पीआरवी 112 की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। भीड़ नहीं मानी तो थाना इंचार्ज जोगिया उदयपुर मीरा चौहान को सूचित किया गया। थाने से अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया। पुलिस बल के पहुंचते ही भीड़ ने पथराव कर दिया। इस हमले में थाने की गाड़ी का शीशा टूट गया। उपद्रवियों ने महिला को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को नामजद किया है। 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिला कारागार में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला कारागार सिद्धार्थनगर में सोमवार को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर आधारित एक प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कारागार को शिक्षा और जागरूकता का केंद्र बनाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बेसिक शिक्षा परिषद के जिला समन्वयक (सामुदायिक शिक्षा) अमित शुक्ला एवं डीसी प्रशिक्षण आशीष मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने साक्षरता को व्यक्ति के आत्मविकास और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि शिक्षा ही वह प्रकाश है जो अज्ञानता और नकारात्मकता को दूर कर सकता है। उन्होंने इस पहल को कारागार सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।

इस अवसर पर डिप्टी जेलर मुकेश प्रकाश महेश सिंह ने साक्षरता को आत्मविश्वास और अनुशासन से जोड़ते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सही दिशा देती है और बंदियों को समाजोपयोगी जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है। वहीं प्रभारी अभिषेक कुमार पांडेय ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई और बंदियों को साक्षरता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया। अमित शुक्ला ने सामुदायिक शिक्षा की प्रासंगिकता पर जोर दिया, वहीं आशीष मिश्रा ने प्रशिक्षण की व्यावहारिक विधियों से सभी को अवगत कराया। बंदियों को साक्षरता कार्यक्रम से संबंधित स्टेशनरी इत्यादि का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कारागार प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में शिक्षक उत्सव तिवारी द्वारा बंदियों को यह संकल्प दिलाया कि शिक्षा की ज्योति से कारागार का हर कोना आलोकित होगा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि साक्षरता केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

# पीड़ित ने लगाया विवेचक दरोगा पर 6 लाख रुपए रिश्वत मांगने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** मथुरा की थाना सदर पुलिस अपने कारनामों से हमेशा चर्चा में बनी रहती है। धन बल के सहारे पुलिस कुछ भी करने को तैयार रहती है। बगैर धन के आना- कानी कर पीड़ित को टरका दिया जाता है। ऐसा ही ताजा मामला हाल में प्रकाश में आया है। राधापुरम एस्टेट , थाना हाइवे,मथुरा निवासी हितेश कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उन्होंने गत 25 जून 2025 को न्यायालय के आदेश पर थाना सदर बाजार में आरोपी पवन कुमार अग्रवाल,विजय पाल सिंह के खिलाफ धारा बी एन एस की 318,316,338,115,352,351 में मुकद्दमा दर्ज कराया है। जिसकी विवेचना थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक अरविंद कुमार द्वारा की जा रही है। हितेश कुमार का आरोप है कि विवेचक उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह द्वारा उनको अपनी सिविल लाईन चौकी मे बुलाया गया और कहा कि आरोपी कार्रवाई से बचने के लिए 12 लाख रुपए देने की पेशकश कर रहें हैं। यदि आपको चार्ज शीट लगवानी है तो 6 लाख रुपए दो नहीं दोगे तो फाइनल रिपोर्ट लगाकर भेज दी जाएगी। वही पीड़ित हितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की विवेचक दरोगा अरविन्द कुमार द्वारा दर्ज अभियोग से संबंधित जो भी साक्ष्य मेरे से मांगे गए मैंने उनको सभी साक्ष्य उपलब्ध करा दिए लेकिन मे उनके मुताबिक चार्जशीट लगाने की फीस ही नहीं दे पाया। पीड़ित ने विवेचक दरोगा अरविन्द के शोषण से परेशान होकर इसकी शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है और कहा है कि आरोपियों से विवेचक और एसएचओ मिले हुए हैं। यही वजह है कि दो माह बीत जाने पर भी नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# भाजपा सरकार जनता के साथ, जनता के विकास के लिए प्रतिवद है: श्रीकांत शर्मा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** वर्तमान समय मै केंद्र व राज्य मै बीजेपी सरकार है।वार्ड 15 मै पार्षद भी बीजेपी से है जिसका लाभ स्थानीय क्षेत्र की जनता को मिल रहा, ऐटीवी के पीछे लगभग 50 से 70 हजार लोग रहते है, पर यहाँ के लोग विकास से कोसो दूर थे, पर स्थानीय जनता ने जीतेन्द्र सिंह को पिछले नगर निगम चुनावों मै वार्ड 15 से चुना, जिसका लाभ क्षेत्र के विकास चाहे वो मैन रोड हो कालोनीयों की सडक, पेयजल आपूर्ति के लिए समर्सबिल हो, जलभराव, कूड़े के निस्तारण के लिए गाड़ी की व्यवस्था हो, और साथ ही जीतेन्द्र अपने क्षेत्र मै सभी के साथ अच्छा व्यवहार भी रखते है जिसकी वजह से लोकप्रिय भी है। जीतेन्द्र से बात करने पर उन्होंने बताया की अभी आज गणेशकुज मै 6 गलियों, उषा कुंज, पुष्पबिहार, आकाश एन्क्लेव, मासूम नगर, महोली मै अलग अलग जगह पर सडक निर्माण का कार्य चालू है, इसी क्रम मै आज स्थानीय विधायक श्रीकांत शर्मा के साथ पार्षद जीतेन्द्र सिंह और स्थानीय जनता के मध्य आज गणेशकुज की सडक का आज निर्माण के लिए पूजन किया गया। विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा बीजेपी सरकार जनता के साथ, जनता के विकास के लिए प्रतिवद है। पार्षद जीतेन्द्र ने कहा 9 हाई मास्क, सेमी हाई मास्क, व मैन ऐटीवी रोड के लिए 60 लाइट की स्वीकृति मिल गयी है। वही जल्द ही बगीची के बगल मै 70 मीटर सडक का निर्माण भी जल्द कराया जायेगा। जिस के लिए सडक की नपाई की जा चुकी है।

इस मौके पर बच्चू सिंह चौधरी, गितम चौधरी, कैप्टेन भगत जी, मनवीर, रामबीर, दाताराम, पवन, नट्टो, रवि आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दिल्ली वकीलों की हड़ताल खत्म, पुलिस कमिश्नर ने जारी किया नया सर्कुलर

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में चल रही वकीलों की हड़ताल अब खत्म हो गई है. दरअसल, पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से एक लैटर जारी किया गया है, जिसमें साफ निर्देश दिए गए हैं कि सभी आपराधिक मामलों में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अब गवाही/साक्ष्य के लिए माननीय कोर्ट के समक्ष फिजिकली रूप से उपस्थित होंगे.इस फैसले के बाद नई दिल्ली बार एसोसिएशन समन्वय समिति की आज हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वकीलों की प्रमुख मांग पूरी हो चुकी है. इसलिए हड़ताल का आह्वान तत्काल प्रभाव से वापस लिया जा रहा है.समिति ने इसे वकीलों की एक बड़ी जीत करार देते हुए कहा कि अब न्यायिक प्रक्रिया और भी पारदर्शी और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकेगी। आदेश में क्या था? पुलिस मुख्यालय के आदेश 4 सितंबर को जारी किया था, उसमें संशोधन किया गया है. नए सर्कुलर में साफ कहा गया है कि अब वर्चुअल पेशी की जगह पुलिसकर्मियों को कोर्ट में जाकर गवाही देनी होगी.

इस आदेश को पुलिस आयुक्त की मंजूरी मिल चुकी है. स्पेशल सीपी (क्राइम) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने सभी जिलों और इकाइयों के डीसीपी, साथ ही स्पेशल/ जॉइंट /एडिशनल सीपीउपराज्यपाल के फैसले पर विवाद। दरअसल, पिछले दिनों दिल्ली के उपराज्यपाल की ओर से अधिसूचना जारी की गई थी. इसके अनुसार दिल्ली पुलिस को थानों से ऑनलाइन माध्यम से साक्ष्य प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई थी. इसके बाद वकीलों ने हड़ताल शुरू की. फिर आश्वासन के बाद काम पर लौटे लेकिन विवाद थमा नहीं.

6 सितंबर को नई दिल्ली बार एसोसिएशन (एनडीबीए) की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, ह्यह्ययह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि गवाही/साक्ष्य पेश करने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों की अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति सुनिश्चित नहीं की जाती, तो हम आठ सितंबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार के अपने निर्णय पर कायम रहेंगे, तथा यह आंदोलन और तेज किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर के लक्ष्मी गार्डन मैरिज होम में स्थापित शेल्टर होम का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के लक्ष्मी गार्डन मैरिज होम में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल / शेल्टर होम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की तथा सभी का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने राहत कैंप में भोजन, पेयजल, प्रकाश, शौचालय, मेडिकल टीम, विद्युत, जेनरेटर, पंखे, गद्दे, चादर, तकिया आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को अवगत कराया कि अब पानी का जलस्तर घटने लगा है, कुछ दिनों में सभी चीजें सामान्य हो जाएंगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ के पानी के उतरने के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा घर घर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। सभी को सुरक्षित उनके घर वापस भेजा जाएगा। किसी को कोई भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी। आप सबकी मदद/ सहायता हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है। सरकार द्वारा आपकी सुविधा हेतु सभी चीजें उपलब्ध कराई जा रही है। बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वासन दिया कि क्षतिग्रस्त मकानों एवं फसलों का सर्वे उपरान्त नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। कोई भी छूटेगा नहीं।


जिलाधिकारी ने लक्ष्मी गार्डन मैरिज होम निरीक्षण के उपरांत तहसील महावन के लक्ष्मी नगर स्थित सुभाष इंटर कॉलेज में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से लाड प्यार (दुलार) किया। उन्होंने बच्चों से पूछा कि बाढ़ के बाद स्कूल जाओगे, जिसपर सभी बच्चों ने एक सुर में बोला कि हा हम स्कूल जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता को निर्देश दिए कि बच्चों को दूध, केला, फल, बिस्किट, चाकलेट आदि दिया जाए। जिलाधिकारी ने मेडिकल कैंप का अवलोकन किया।

## अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो बाइक सवार घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस और 108 एंबुलेंस के द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव झाल निवासी आकाश पुत्र संजय किसी कार्य से थाना क्षेत्र के गांव किवाना मे आया हुआ था। जैसे ही बाइक सवार गाव मखमूलपुर के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार घायल हो गया। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दुसरी और कस्बे के बुढाना मार्ग पेट्रोल पंप के समीप बाइक और कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई कार की टक्कर लग जाने से बाइक सवार एक अज्ञात युवक घायल हो गया।

# बसपा सुप्रीमो ने रविन्द्र प्रधान पर ही जताया दोबारा भरोसा

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती का रविंद्र प्रधान को पुनःआशीर्वाद मिलने व जिलाध्यक्ष बनने पर उनके पैतृक क्षेत्र अनूपशहर के साथ साथ जिला बुलंदशहर में बसपा कार्यालय पर बसपाइयों ने उनका किया जोरदार स्वागत कार्यकताओं को बहन जी के निर्णय से जबरदस्त उत्साह है।

सोमवार को बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती द्वारा द्वारा रविंद्र प्रधान को पूर्व में जिलाध्यक्ष बुलंदशहर बनाने के एक दिन बाद हटाकर लक्ष्मण सैनी को जनपद बुलंदशहर का जिलाध्यक्ष बनाने से बसपा नेता व कार्यकताओं में मायूसी छा गई थी जिसको लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कोऑर्डिनेटरों द्वारा कार्यकताओं की भावनाओं से बसपा सुप्रीमो द्वारा लखनऊ मुख्यालय पर की गई समीक्षा बैठक में रविंद्र प्रधान को पुनः जिलाध्यक्ष बनाने की घोषणा के साथ जनपद बुलंदशहर के सभी बसपा कार्यकताओं के साथ-साथ उनके अपने पैतृक क्षेत्र अनूपशहर में कार्यकताओं व नेताओं में जोश के साथ स्वागत करने के लिए बसपाइयों का लगा हुजूम तथा रविंद्र प्रधान अपने पैतृक गांव अनिवास से कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में काफिले के साथ बसपा कार्यालय पहुंचकर नेता व कार्यकताओं का आभार प्रकट कर बसपा में सच्ची निष्ठा व बहन जी के आदेश का अक्षरशः पालन करने की बात कहते हुए सभी से बसपा को सेक्टर व बूथ स्तर पर मजबूत कर जनपद बुलंदशहर में सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर कार्य करने के साथ-साथ आगामी 9 अक्टूबर को मान्यवर कांशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस पर ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं व समर्थकों को लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया तथा बसपा नेता व कार्यकताओं ने जिला कार्यालय पर फूल मालाओं व बुके देकर रविंद्र प्रधान का भव्य स्वागत किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायतें, मौके पर 3 का निस्तारण



**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में तहसील सिकंदराबाद में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 33 फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। इनमें से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए निर्देश दिए गए कि उनका निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए। समाधान दिवस में एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिकंदराबाद दीपक पाल, क्षेत्राधिकारी (सीओ) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नाबालिग की जबरदस्ती शादी करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी



**कांधला। मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा पहुंचे एक व्यक्ति ने अपनी चाची पर उसकी नाबालिग चचेरी बहन की जबरदस्ती शादी करवाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की मौके पर पहुंची पुलिस ने शादी रूकवाते हुए पीड़ित की शिकायत पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हरियाणा के पानीपत जिले के सनौली थाना क्षेत्र के गांव रामडा निवासी आशु पुत्र यासीन ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके चाचा असगर की 8 वर्ष पूर्व सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई थी। जिस वक्त उसके चाचा की मौत हुई उसके दो बच्चे नरगिस और रिहान थे। चाची शहजादी की ईद्दत पूर्ण होने पर परिवार के लोगों ने गांव के ही इरशाद के साथ निकाह कर दिया था। निकाह के कुछ दिन बाद तो चाची ठीक रही मगर उसके बाद गांव के ही एक अन्य व्यक्ति जीशान उर्प काला के साथ प्रेम प्रसंग हो गया परिवार के लोगों ने विरोध किया तो आरोप है उसकी चाची उसकी चचेरी बहन नरगिस चचेरे भाई रिहान को लेकर अपने मायके थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा में अपने पिता अलमद्दीन के घर पर आकर रहने लगी। पीड़ित का आरोप है की सोमवार को उन्होंने सूचना मिली कि उसकी चाची अपने परिजनों के साथ मिलकर उसकी 14 वर्षीय चचेरी बहन नरगिस की किसी अन्य युवक के साथ जबरदस्ती शादी कर रही है। आरोप है कि जब वह गांव में शादी का विरोध करने के लिए पहुंचे तो उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी पीडित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने मौके पर शादी रूकवाते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पशुओं को जहर देकर मारने वाले गिरोह के तीन शातिर गिरफ्तार

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया



जीशान वसीम अनस

**मेरठ।** किठौर थाना पुलिस ने सोमवार को एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह लंबे समय से सुनियोजित तरीके से पशुओं को जहर देकर मारता था और उनकी खाल, मांस व हड्डियां बेचकर अवैध कमाई करता था।पुलिस के मुताबिक, 27 अगस्त को गेसुपुर नहर पुल के पास छापेमारी में करीब 18 कुंतल भैंस का मीट, दो पिकअप वाहन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, दांव और छुरी बरामद हुई थी। इस मामले में राशिद सहित नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राशिद, आकिब और एक अन्य आरोपी को जेल भेज दिया था।

सोमवार को तीन और वांछित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जीशान पुत्र गुलहसन निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर थाना भावनपुर मेरठ, वसीम पुत्र फारुख निवासी मोहल्ला श्यामनगर लिसाड़ी गेट मेरठ और अनस पुत्र असलम निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर थाना भावनपुर मेरठ के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से इस अवैध कारोबार में सक्रिय था। आरोपी पशुओं को मारकर उनकी खाल और मांस बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। फिलहाल तीनों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## बारिश के बीच तीन मंजिला पुराना मकान भरभराकर गिरा

**बुलंदशहर।** लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश ने शहर में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित कसाईबाड़े पुल के पास शुक्रवार को अचानक एक तीन मंजिला पुराना मकान भरभराकर ढह गया। गनीमत रही कि हादसे से कुछ ही लम्हे पहले परिवार के लोग खतरे को भांपकर बाहर निकल आए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, परिवार पिछले 80 साल से इस मकान में रह रहा था। मकान ढहने के दौरान घर का कीमती सामान मलबे में दब गया है। फिलहाल जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है। बारिश के बीच अचानक हुए इस हादसे से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए और नगर निगम टीम को भी मौके पर बुलाया गया।

# सांप के डसने से विवाहिता की मौत, मचा कोहराम

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी** क्षेत्र के गांव गंगेरू में एक भयानक व दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया है। रविवार की देर रात को जहां सब अपने-अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे, वहीं अचानक एक जघन्य दुर्घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। 30 वर्षीय विवाहिता साबरा पुत्री तोफीक, जो अपने मायके में रह रही थी, एक जहरीले सांप के डसने से दम तोड़ दिया, परिजनों ने गमगीन माहौल में शव सपुर्द ए खाक कर दिया है। साबरा की शादी करीब 8 वर्ष पूर्व बघरा निवासी व्यक्ति से हुई थी। किन्तु पिछले कुछ समय से पति-पत्नी में चल रही अनबन के चलते साबरा मायके में ही रह रही थी। घटना के दिन रविवार की देर रात जब पूरा गांव गहरी नींद में था, साबरा अपने मकान में जमीन पर सो रही थी। तभी अचानक सुबह करीब 5 बजे एक काले रंग के सांप ने उसे बेदम करके उसके मुंह पर डस लिया।चौंकाने वाली बात यह रही कि सांप के डसने के बाद साबरा चीखने-चिल्लाने लगी। यह आवाज सुनते ही परिजन एकत्रित हो गए और उन्हें झाड़-फूंक वाले के पास ले जाया गया। लेकिन बावजूद इसके कोई सुधार नहीं हुआ। परिजनों ने समझा कि स्थिति गंभीर है, और साबरा को जिला अस्पताल तक ले जाने का प्रयास किया गया। मगर नियति को कुछ और ही मंजूर था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही साबरा ने अंतिम सांस ले ली।विवाहिता की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। परिजन आहत हैं और शव को लेकर रोते-बिलखते हुए घर में ही रख लिया है। गांव के लोग भी इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं। मृतका के पीछे दो नन्हें बच्चे भी हैं, जिनकी चिंता को लेकर परिजन परेशान हैं। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने जागरुक करते हुए कहा कि साँप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतें।

# शादी के जश्न में हुई मारपीट वीडियो वायरल

वेलकम इंडिया



**काधला। मोहसीन रहमानी** कस्बे के एक मैरिज होम में शादी समारोह के दौरान दो लोगों के बीच मारपीट हो गई देखते ही देखते दोनों पक्षो के लोगों में जमकर लात घुसे व बैल्ट चली जिसका लाइव वीडियो किसी ने मोबाइल के कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बा निवासी निसार की दो पुत्रियां आयशा एवं तमन्ना की बारात सोमवार को आई हुई थी। शादी का जशन कस्बे के एक मैरिज होम में आयोजित किया गया था।

आरोप है की बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव परसोली से बारात में आए युवक नाईम व कस्बा निवासी सोयाब के बीच खाना खाने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों युवको के बीच हाथापाई शुरू हो गई और दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के साथ झगड़ा करने लगे। दोनों पक्षों के लोगों में जमकर लात घुसे व बेल्ट चली जिसका लाइव वीडियो किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

मैरिज होम में झगड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे लोगों पर हल्का बल प्रयोग करते हुए मौके से दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आए। दोनों पक्षों के लोग पकड़े गए अपने-अपने लोगों को छुड़ाने के लिए थाने के चक्कर काटने लगे। मामले में खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष ने थाने पर तहरीर नहीं दी थी दोनों पक्षों को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्रीमद भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य की त्रिवेणी संगम है : नितिन चतुर्वेदी

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** खाती बाबा स्थित गौड़ बाबा सिद्ध आश्रम पर श्री गौड़ बाबा भक्त मण्डल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस में समस्त भक्तों ने कथा श्रवण की। जिसमें सर्वप्रथम पूज्य आचार्य विनोद चतुर्वेदी जी महाराज (महंत-श्री गौड़ बाबा सिद्ध आश्रम झाँसी) के सानिध्य में चल रहे कार्यक्रम सहित वैदिक आचार्यो द्वारा कलश पूजन एवं भागवत पूजन किया व उसके पश्चात मुख्य कथा व्यास पं.नितिन चतुर्वेदी जी महाराज ने सती, ध्रुव चरित्र व कपिल मुनि अवतार के प्रसंगों का मुख्य वर्णन किया। और कहा कि भागवत की कथा भक्ति ज्ञान वैराग्य की त्रिवेणी संगम है ,जो इसमें स्नान करता है वह जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा व विश्वास के साथ श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया जाए तो मोक्ष की प्राप्ति संभव है। साथ ही भजनों पर भक्त जमकर झूमे। तथा इस अवसर पर मुख्य रूप से यजमान श्रीमती अनीता प्रदीप जिझौतिया, अभिषेक नारायण पाठक, राकेश पाठक, आलोक शास्त्री, हरिओम शास्त्री, रिछारिया महाराज, संतोष अंजनी आदि माताएं-बहने भक्तगण उपस्थित रहे व कार्यक्रम का संचालन मुख्य संचालक पं.सियारामशरण चतुर्वेदी प्रधानाचार्य एम.एस.राजपूत इंटर कॉलेज प्रेमनगर झाँसी ने किया व अंत मे आभार ज्ञापन प्रवीण शास्त्री ने किया।

# भक्ति, आस्था और श्रृद्धा पूर्वक निकाली गयी मंगल कलश यात्रा



वेलकम इंडिया

**झांसी।** पितृ मोक्ष गमन के उपलक्ष्य में 7 सितम्बर से 13 सितम्बर 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक सिटी चर्च रानी महल के पास सिंधी धर्मशाला में किया जा रहा है। रविवार को प्रातः बाहर सैयर गेट स्थित श्री श्री 1008 श्री मोनी बाबा प्राचीन सिद्ध श्री हनुमान मंदिर से भक्ति एवं श्रद्धापूर्वक श्रीमद् भागवत कथा की कलश शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें लाल वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थी, बग्घी पर श्री हृदय बिहारी आश्रम वृंदावन धाम मथुरा से पधारी कथा व्यास महंत आचार्य गुरू दीदी जी महाराज विराजमान थीं, वहीं भक्तगण डीजे पर धार्मिक धुनों पर भक्ति भाव से नाचते गाते तथा प्रीतेश रवि प्रकाश परिहार, छाया संदीप चौरसिया, आरती प्रियंकेश, रजनी वृंदावन, राजेश चौरसिया एड, चन्द्र कांता महेन्द्र चौरसिया सिर पर श्रीमद् भागवत जी धारण कर चल रहे थे। रास्ते में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।कलश यात्रा फूटा चौपड़ा, मिनर्वा, रानी महल आदि मार्गो से भ्रमण उपरांत कथा स्थल सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुई।

इस अवसर पर आयोजक ममता चौरसिया, प्रीतेश रवि प्रकाश परिहार, छाया संदीप चौरसिया, आरती प्रियंकेश, रजनी वृंदावन, राजेश चौरसिया एड, संजय चौरसिया, चन्द्र कांता महेन्द्र चौरसिया, संजय चौरसिया, रीता रवि चौरसिया, पिंकी, मुन्नी देवी, शोभा कुशवाहा, गीता, अजय कुशवाहा, सीमा सिकोरिया आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दी सख्त चेतावनी



वेलकम इंडिया

**कांधला।** शहर की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने और आमजन में सुरक्षा का भरोसा जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय में रखे सभी अभिलेखों की बारीकी से जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के हौसले पस्त करने और जनता की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर कदम निर्णायक रूप से उठाया जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यदि कहीं भी प्रशासनिक सुस्ती या घपलेबाजी मिली तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने नगर की गलियों, मोहल्लों व मुख्य बाजारों में पैदल गश्त करते हुए जनसाधारण से संवाद किया। व्यापारियों, राहगीरों और स्थानीय लोगों से मिलकर उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# पत्नी और ससुरालियों पर मकान पर जबरन कब्जा करने का आरोप

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी** कस्बे की नई बस्ती निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी और ससुरालयों पर उसके मकान का जबर्दस्ती ताला तोड़कर सामान ले और उसके मकान पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे की नई बस्ती निवासी साजिद ने बताया कि उसकी शादी कई वर्ष पूर्व मोहल्ले के ही सलीम की पुत्री रिजवाना के साथ हुई थी पीड़ित का आरोप है कि कुछ माह से उसकी पत्नी और उसके बीच विवाद चल रहा है।

आरोप हे उसकी पत्नी मायके में रह रही है और उसके ससुरालिए आए दिन पीड़ित के साथ गाली गलौज मारपीट एवं झूठे मुकदमे में फसाने का षड्यंत्र रचते रहते हैं। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित अपने ससुरालयों से परेशान होकर अपने घर का ताला लगाकर मजदूरी करने के लिए हरियाणा में गया हुआ था। सोमवार को उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष के लोग पीड़ित के घर पर पहुंचे और ताला तोड़कर जबरदस्ती उसके घर का सामान निकाल लिया और जबरन कब्जा करते हुए उसके मकान पर अपना ताला लगा लिया। पीड़ित युवक ने जिलाधिकारी सहित थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मोदी कॉलेज में व्यवहारिक प्रशिक्षण की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशन में ब्लॉक भोजपुर के विज्ञान और गणित के अध्यापकों की विज्ञान और गणित सीखने को बढ़ावा देने वह राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव मनाने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का प्रारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार यादव व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर व विज्ञान क्लब मेरठ के जनपद कोऑर्डिनेटर व प्रसिद्ध वैज्ञानिक दीपक शर्मा व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यशाला लगातार तीन दिन तक चलेगी। जिसमें विज्ञान में गणित के शिक्षकों को विज्ञान और गणित को बड़े रोचक ढंग से बच्चों के सामने प्रस्तुत करने के लिए प्रयोग द्वारा समझाया जाएगा। कार्यशाली की शुरूआत में शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रमुख वैज्ञानिक दीपक शर्मा ने बताया कि हम जब भी जीवन में समस्या महसूस करें तभी उसका समाधान प्रकृति को ध्यान में करने से मिल जाता है। प्रशिक्षण के दौरान दीपक शर्मा जी ने टेलिस्कोप से सूरज पर आ रहे सन स्पॉट को भी दिखाया उन्होंने बताया कि सूरज पर लगातार हो रही हलचल में जहां तापमान कम हो जाता है वहां पर चुंबकीय बंद खुल जाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव वर्मा ने भी किस प्रकार बंध टूटते हैं और जुड़ते हैं इसमें मॉडल बनाकर समझाया। कार्यशाली में ब्लाक भोजपुर के लगभग 50 शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रयोग के माध्यम से कार्यशाला में विज्ञान और गणित के रहस्यों को जाना। कार्यशाला को सफल बनाने में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह अजय कुमार, राजीव कुमार, राजीव कुमार जांगिड़, मुख्य लिपिक, सतीश कुमार मधु कांत ,विनीत कुमार, सोमबीर सिंह द्वितीय पाली इंचार्ज धर्मवीर सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। यह कार्यशाला एक सामाजिक संगठन स्नेह रोशनी शिक्षा सामाजिक संगठन जिसकी निर्देशिका रोहिणी और उनकी टीम के सदस्यों का इसमें बहुत सहयोग रहा। कार्यालय में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार यादव व मुख्य अतिथि दीपक शर्मा वह विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अग्रवाल को स्नेहा रोशनी सामाजिक संगठन द्वारा प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम का सफल आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षयरोग (टी०बी०) से पीड़ित मरीजों को 40 पैकेट विशेष आहार वितरित किए गए। जिससे उन्हें बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके। यह पहल न केवल मरीजों के उपचार में सहायक सिद्ध होगी बल्कि क्षयरोग मुक्त भारतह्न के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ. करणवीर सिंह, बीडीओ पीयूष राय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रवि (एम ओ आई सी ), डॉ. दीपक, डॉ. विवेक, संजय चौधरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## मयंक मधुर: राजनीति में नैतिक नेतृत्व और रणनीति का प्रतीक

**गाजियाबाद।** इतिहास में यदि चंद्रगुप्त मौर्य के साम्राज्य की स्थापना में चाणक्य का योगदान न होता, तो शायद भारतवर्ष का अखंड साम्राज्य संभव नहीं हो पाता। इसी प्रकार, आज की राजनीति में रणनीति, अनुभव और दूरदर्शिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सिर्फ साहस और महत्वाकांक्षा ही किसी राष्ट्र या राजनीतिक आंदोलन की दिशा नहीं बदल सकती। आधुनिक राजनीति में यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं मयंक मधुर, जो युवाओं और राजनीतिक दलों के लिए मार्गदर्शक, प्रशिक्षक और रणनीतिकार के रूप में कार्यरत हैं। लेखक ओमकेश अग्रहरि ने बताया कि मयंक मधुर ने युवाओं को राजनीति की जटिलताओं और अवसरों से अवगत कराते हुए उन्हें नेतृत्व की क्षमताएं विकसित करने के साथ–साथ नैतिक राजनीति और समाज सेवा की दिशा भी दिखाई है। उनका मानना है कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को दिशा देने का माध्यम है। यही दृष्टिकोण उन्हें अन्य राजनीतिक प्रशिक्षकों से अलग बनाता है। मयंक मधुर का अनुभव देश की प्रमुख राजनीतिक गतिविधियों और आंदोलनों में रहा है। उन्होंने भारत के बड़े राजनीतिक दलों जैसे बीजेपी और आम आदमी पार्टी के लिए रणनीति तैयार की है। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के खिलाफ देशव्यापी अन्ना आंदोलन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। मयंक मधुर ने 'मी टू अभियान के प्रारूप तैयार करने में भी अहम योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन में कई युवा नेताओं ने सफलता की ऊँचाइयों को छुआ, जिनमें कंगना रनौत का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उनके व्यक्तिगत प्रशिक्षण और रणनीति की वजह से कंगना ने अभिनेत्री से नेत्री बनने का सफलतम सफर तय किया। मयंक मधुर राजनीति को केवल सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए मानते हैं। उनका कहना है कि नैतिक राजनीति लोकतंत्र की असली ताकत है। यदि राजनीति नैतिक मूल्यों से संचालित हो, तो न्याय, समानता और शांति की स्थापना संभव है। उनके प्रशिक्षण में शामिल युवा केवल राजनीतिक समझ ही नहीं, बल्कि समाज सेवा, नैतिक नेतृत्व और रणनीतिक सोच में भी निपुण बन रहे हैं। उनकी दूरदर्शिता, अनुभव और नैतिक दृष्टिकोण ने यह साबित किया है कि राजनीति में स्थायी बदलाव केवल रणनीति, नैतिकता और नेतृत्व के संकल्प से संभव है। मयंक मधुर न केवल राजनीतिक दलों के लिए मार्गदर्शक हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के क्षेत्र में युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं।

## स्वस्थ एवं बुढ़ापा थीम पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन के लिए फिजियोथेरेपी की महत्ता समझाई

**गाजियाबाद।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज, मुरादनगर में 6 और 8 सितम्बर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस वर्ष का विषय स्वस्थ एवं बुढ़ापा रहा, जिस पर कई चर्चाएं, प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित हुईं। 8 सितम्बर को आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि डॉ. रूचि वाश्रेय (कोषाध्यक्ष, भारतीय फिजियोथेरेपिस्ट संगठन एवं राष्ट्रीय प्रमुख, महिला प्रकोष्ठ), विशिष्ट अतिथि डॉ. चारुस्मिता जेमिनी (प्रमाणित पिलोटेस प्रशिक्षक एवं निदेशक, वैष्णो फिजियोथेरेपी एवं खेल चोट उपचार केंद्र), कॉलेज के वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा और प्रधानाचार्य डॉ. एम. थंगराज ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान वाइस चेयरमैन और प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एम. थंगराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए थीम ₹स्वस्थ एवं बुढ़ापा₹ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम और फिजियोथेरेपी जीवनशैली को संतुलित रखने, बीमारियों से बचने और बुढ़ापे को स्वस्थ बनाने में अत्यंत प्रभावी है। मुख्य अतिथि डॉ. रूचि वाश्रेय ने अपने व्याख्यान में उम्र बढ? के साथ होने वाली सामान्य बीमारियों और उनके निवारण में फिजियोथेरेपी की भूमिका को विस्तार से समझाया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य पर बल देते हुए कहा कि वृद्धावस्था में सक्रिय और स्वस्थ जीवन के लिए फिजियोथेरेपी बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि डॉ. चारुस्मिता जेमिनी ने पिलोटेस और व्यायाम पद्धतियों की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास से वृद्धावस्था में भी लचीलापन, संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखा जा सकता है। 6 सितम्बर को आयोजित प्रारंभिक कार्यक्रमों में रंगोली, मुख्य–चित्रण, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और चिन्ह निर्माण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल की 'रोबो रंबल्स टीम ' ने वर्ल्ड रोबोटिक चैंपियनशिप में जीत हासिल कर रचा इतिहास

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल (निवाड़ी) के रोबोटिक्स दल ने हाल ही में हैदराबाद में दो दिवसीय आयोजित नेशनल वर्ल्ड रोबोटिक्स ओलंपियाड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर 'सुरेविन रोबो रंबल्स' टीम ने उत्तर भारत क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। इस ओलंपियाड में देश भर की 130 से अधिक टीमों में से उभर कर सुरेविन के होनहार विद्यार्थियों वंशिका, वेदांश और अनन्या यादव ने अपनी रचनात्मकता, समस्या- समाधान क्षमता और टीमवर्क के बल पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। स्कूल प्रबंधन श्री तुषार गुप्ता व डॉक्टर शिखा दरबारी ने इस उपलब्धि को छात्रों की लगन ,रचनात्मकता, और टीमवर्क के साथ-साथ उनके मेंटर्स और प्रशिक्षकों और उनके अभिभावकों के निरंतर मार्गदर्शन के सहयोग का परिणाम बताया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर सरिता सिंधु ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि ने केवल विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है बल्कि आने वाली पीढ़ी को नवाचार की दिशा में प्रेरित करने वाला मील का पत्थर भी है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। छात्रों ने देश भर के शीर्ष विद्यालयों और अकादमियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी अद्वितीय योग्यता का प्रदर्शन किया और सफलता का परचम लहराया।

# शिक्षकों और छात्रों के लिए विशेष डेंटल कैंप, जागरूकता कार्यक्रम और आधुनिक सुविधाओं की सौगात

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के पीडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा सोमवार को शिक्षक सप्ताह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। पूरे देश में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस की स्मृति में मनाया जाता है।

इसी अवसर पर कॉलेज ने पूरे सप्ताह शिक्षकों और छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया और उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखा। शिक्षक सप्ताह के अंतर्गत गाजियाबाद और आसपास के 40 से अधिक स्कूलों में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में शिक्षकों और छात्रों की मौखिक जांच और उपचार किया गया। साथ ही शिक्षकों को मौखिक स्वच्छता, दांतों की नियमित जांच और उनके रखरखाव के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आईटीएस डेंटल कॉलेज परिसर में भी एक विशेष डेंटल कैंप आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों और उनके परिवारों का निःशुल्क दंत परीक्षण और उपचार किया गया। शिक्षकों को दांत और मसूड़ों से जुड़ी सामान्य समस्याओं से बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी में खेल शिक्षकों के लिए विशेष सत्र रखा गया। इसमें खेल के दौरान होने वाली दंत चोटों से बचाव के उपाय, निवारक तकनीकें और चोट लगने के बाद दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आईटीएस डेंटल कॉलेज ने सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों, नेत्रहीन विद्यालयों और विशेष स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के स्कूलों में भी शिविर लगाए। यहां शिक्षकों को मौखिक स्वास्थ्य प्रबंधन और बीमारियों से बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया गया।

# बैंक ऑफ इंडिया ने अपना 120 वा अपना दिवस धूमधाम के साथ मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** बैंक ऑफ इंडिया ने सोमवार को अपना 120 वा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। स्थापना दिवस के मौके पर बैंक ऑफ इंडिया सीकरी कलां ब्रांच में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के ग्राहक गण, सेवा निवृत स्टाफ को भी को भी आमंत्रित किया गया। शाखा प्रबंधक श्रीमती याशिका द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि बैंक की स्थापना अब से 120 वर्ष पूर्व 7 सितंबर 1906 को हुई थी। इस अवसर पर इस अवसर पर ब्रांच के अन्य अन्य स्टाफ शरीक खान, दीपांशु एवं नरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे ।बैंक आफ इंडिया की राष्ट्रीयकृत बैंकों में एक विशिष्ट पहचान है जिसमें ग्राहक सेवा को सदैव प्राथमिकता दी जाती है ।इस अवसर पर विशेष रूप से एम आर वशिष्ठ सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा अपने विचार रखे एवं शाखा प्रबंधक महोदया द्वारा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को बैंक की तरफ से उपहार भेंट किए एवं विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया साथ-साथ उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने का भी आश्वासन दिया।

# सीकरी खुर्द- कलछीना जर्जर मार्ग को शीघ्र बनवाए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सम्पूर्ण समाधान दिवस दिवस पर राहुल गुर्जर के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने सीकरी खुर्द- कलछीना जर्जर मार्ग को शीघ्र बनवाए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में कहा गया है कि सीकरी खुर्द-कलछीना रोड मोदीनगर जो कि एक मुख्य मार्ग है दर्जनो गांव जैसे-सीकरी खुर्द, निजामपुर, आदिबपुर मानकी, युसुफपुर नंगलाबेर, गंगारामपुर, कलछीना, अमीरपुर बडायला, निडोरी, छिजारसी, निगरावठी आदि को जोडते हुये पिलखुवा जाता है। उक्त मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है उसमें गहरे गहरे गड्ढे हो गये हैं जिससे आये दिन दुर्घटना हो रही है और अब बारीश से कारण सडक की हालत अत्यन्त संवेदनशील हो गयी है जिस कारण लोगों का आने-जाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा है। तथा उक्त सड़क पर दुर्घटना होने की संभावना और भी बढ़ गयी है। इस समय हालत ऐसी है कि सड़क में गड्ढे नही गडढो में सड़क दिखायी पडती है। निवेदन है कि जनहित की समस्या को देखते हये उक्त सड़क का चौड़ीकरण व निर्माण मशीन द्वारा कराने की कृपा करे। इस मौके पर राहुल प्रधान गुर्जर, अमित प्रमोद कुमार रविंदर सुभाष आदि गांव वासी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष के विकास कार्यों पर हुई चर्चा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** विकास खण्ड भोजपुर स्थित शहीद भगत सिंह सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से वित्तीय वर्ष 2025 एव 2026 के विकास कार्यों पर चर्चा हुई ।

बैठक में मुख्य अतिथि डॉ. मंजू शिवाच विधायक रही एवं बैठक की अध्यक्षता श्रीमती सुचेता सिंह ब्लॉक प्रमुख भोजपुर ने की। बैठक में मुख्य रुप से वित्तीय वर्ष 2025 एव 2026 के विकास कार्यों पर चर्चा हुई ।खंड विकास अधिकारी पीयूष चंद्र राय ने वित्त खर्च के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।एवं बैठक का संचालन एडीओ जे एन राय ने किया। समस्त ग्राम प्रधान गण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य गुणों को समस्त विभागों से विभिन्न विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह के द्वारा अपने चार साल के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा समस्त ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र सदस्यगणों द्वारा की गई। डॉ . मंजू शिवाच ने कहा कि जैसे राज्य एवं केंद्र की सरकारें डबल इंजन की सरकार एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं ,ठीक उसी प्रकार हम भी अपने विकास खण्ड भोजपुर एवं विधान सभा क्षेत्र मोदीनगर में हम दोनों ही डबल इंजन बनकर विकास की गाड़ी को निरंतर ग्रामीण क्षेत्र से होकर शहर तक जन जन तक पहुँचाने का काम कर रहे हैं। वहीं सुचेता सिंह ने विधायक का धन्यवाद करते हुए बताया कि मैंने निरंतर प्रधान के अपने सफर से ब्लॉक प्रमुख तक का सफर विकास के दम पर तय किया है और मेरी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर में रहने वाले व्यक्ति के जीवन व्यापन से लेकर उसकी सभी सुविधाओं तक का विकास करने का लक्ष्य रहेगा आप से आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सौहार्दपूर्ण एवं बिना किसी द्वेष ईर्षा के चुनाव को त्योहार के रूप में मनाने व आपके अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रदर्शित करती हूँ।

# अमरजीत सिंह बिड्डी ने जयंत चौधरी को बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दो लाख 51 हजार का सौंपा चेक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के निदेर्शानुसार पंजाब में आई भीषण बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने अपने गन्ने के पेमेंट में से दो लाख इक्यावन हजार (251000) रुपए का चेक राहत कार्यों के लिए चौधरी जयंत सिंह को प्रदान किया। गाजियाबाद से ही देवेंद्र व योगेंद्र पतला के अलावा रालोद के अनिल कुमार मंत्री,' सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, सांसद चंदन चौहान', नेता सदन रालोद राज्यपाल बालियान,' विधायक अशरफ अली खान,' विधायक प्रसन्न चौधरी,' विधायक मिथिलेश पाल,' विधायक अजय कुमार,' विधायक गुलाम मोहम्मद ,' एमएलसी योगेश नौवार,' विधायक मदन भैया,' पूर्व विधायक नूर सलीम राणा' पूर्व विधायक श्रीराव वारिस' मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर' वरिष्ठ नेता सुनील रोहटा' प्रीतम प्रमुख 'प्रमुख प्रतीक भरंगर' प्रदेश सचिव श्री विजय कौशिक जी' रालोद के वरिष्ठ नेता विश्वास आदि जिम्मेदार साथियों नें चौधरी जयंत सिंह को चेक देकर सहयोग किया। यह सहयोग एक जुटता का प्रतीक ह इस कठिन समय में हम सबका नैतिक दायित्व है कि पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं ।इस कठिन घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल परिवार सभी बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हुआ है।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क खाद्यान्न वितरण

## 10 से 25 सितम्बर तक उचित दर की दुकानों पर वितरण जारी रहेगा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में लाखों राशनकार्डधारकों के लिए खुशखबरी है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने सितम्बर माह का खाद्यान्न अग्रिम रूप से वितरण कराने का निर्णय लिया है। यह वितरण 10 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 तक जिले की सभी उचित दर दुकानों पर निशुल्क कराया जाएगा। इस निर्णय से गरीब और वंचित परिवारों को बड़ा सहारा मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल मिलेगा। वहीं, पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा अंत्योदय कार्डधारकों को जुलाई, अगस्त और सितम्बर 2025 के लिए तीन किलोग्राम चीनी मात्र 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर लाभार्थी तक समय से खाद्यान्न पहुंचे। विभाग ने वितरण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। सुबह 8 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक खाद्यान्न वितरण होगा। उचित दर विक्रेता प्रतिदिन सीमित संख्या में टोकन बांटेंगे, ताकि लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पूरा वितरण ई-पॉस मशीनों के माध्यम से होगा और नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में ही यह प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। मोबाइल ओटीपी आधारित वितरण की अंतिम तिथि 25 सितम्बर तय की गई है। अमित तिवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल खाद्यान्न वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जनहितकारी हो। ई-पॉस मशीनों के इस्तेमाल से ओवररेटिंग और कालाबाजारी जैसी समस्याओं पर पूरी तरह अंकुश लगाया गया है।

*विभाग ने साफ निर्देश जारी किए हैं कि सभी उचित दर विक्रेता दुकानों पर वितरण से पहले सूचना चस्पा कर दें, ताकि कार्डधारकों को पहले से जानकारी हो। साथ ही किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति में लाभार्थी सीधे अपने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों और पूर्ति निरीक्षकों से संपर्क कर सकते हैं। जिला पूर्ति कार्यालय गाजियाबाद का हेल्पलाइन नंबर 0120-3761964 भी इस काम के लिए जारी किया गया है। पूर्ति विभाग के अधिकारी लगातार क्षेत्रों में भ्रमणशील रहेंगे और मौके पर ही वितरण की निगरानी करेंगे। अमित तिवारी ने कहा कि यदि किसी लाभार्थी को कोई समस्या आती है, तो तुरंत अधिकारियों को अवगत कराएं। विभाग की जिम्मेदारी है कि हर परिवार को उसका हक समय से मिले। यह भी उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद जिले में हर महीने लाखों परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं।*

# आरएसएस जिलाध्यक्ष बनकर रोब जमाने वाला गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम क्राइम ब्रांच और थाना विजयनगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए देर रात एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो अपनी कार पर आरएसएस जिलाध्यक्ष लिखे स्टिकर और भगवा झंडा लगाकर लोगों पर रोब जमा रहा था।

पुलिस ने मौके से इनोवा क्रिस्टा कार के साथ आरएसएस का झंडा और जिलाध्यक्ष स्टिकर बरामद किया। रविवार रात को स्वाट टीम को सूचना मिली कि विजयनगर क्षेत्र में सफेद इनोवा कार पर आरएसएस जिलाध्यक्ष लिखवाकर एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा है। कार के बोनट पर भगवा झंडा और शीशों पर अशोक स्तंभ सहित जिलाध्यक्ष का स्टिकर लगा हुआ था। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने रेलवे रोड, उत्सव भवन के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका और चालक को हिरासत में लिया। चालक ने अपना नाम ओमवीर पुत्र प्रेम सिंह निवासी सेक्टर-122, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर बताया। पूछताछ में वह गाड़ी पर लगे झंडे और स्टिकर के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। गिरफ्तार आरोपी ओमवीर ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने गाड़ी पर आरएसएस का झंडा और जिलाध्यक्ष स्टिकर इसलिए लगाया था ताकि समाज में उसका रुतबा बना रहे और लोग उससे भयभीत रहें। आरोपी ने बताया कि इस स्टिकर और झंडे की वजह से टोल टैक्स देने से छूट, सरकारी दफ्तरों में काम कराने में आसानी और लोगों पर रोब जमाने में उसे फायदा मिलता था। ओमवीर ने माना कि इस दिखावे का इस्तेमाल वह निजी स्वार्थ और अनुचित लाभ उठाने के लिए करता था।

## पुरानी दीवार भरभराकर गिरने से चार मजदूर घायल, जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पक्की मोरी मोहल्ले में सोमवार को एक पुरानी दीवार भरभराकर गिर गई, जिसमें चार मजदूर घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद तीन को छुट्टी दे दी गई, जबकि हड्डी टूटने के कारण एक घायल को ऑपरेशन के लिए निजी अस्पताल में रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार, दीवार पुरानी होने के कारण उसकी मरम्मत का काम चल रहा था। नगर कोतवाली के पक्की मोरी मोहल्ले में रहने वाले मदनपाल ने अपने मकान की दीवार की मरम्मत करवाई जा रही थी। बुधवार सुबह मजदूर दीवार की ईंटें उखाड़ रहे थे। इसी दौरान दीवार भरभराकर गिर गई और चार मजदूर मलबे में दब गए। दीवार गिरने की आवाज और मजदूरों की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के इलाके में हड़कंप मच गया। भवन स्वामी मदनलाल ने घायल मजदूरों को तुरंत जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# पॉश मशीन बनी उपभोक्ताओं के अधिकारों की ढाल, ओवररेटिंग हुई खत्म

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद इन दिनों आबकारी विभाग की सख्त कार्यवाही और लगातार सफलताओं की वजह से सुर्खियों में है। अवैध शराब का काला कारोबार, जो कभी जिले की काली हकीकत था, अब इतिहास बनने की ओर है। इसकी बड़ी वजह हैं जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम, जिनकी रणनीति और सख्ती ने शराब माफियाओं की जड़ें हिला दी हैं। आबकारी विभाग की कार्रवाई ने न सिर्फ अवैध कारोबार पर नकेल कसी है, बल्कि विभाग की आय को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। आंकड़े बताते हैं कि गाजियाबाद में हर दिन करीब 4 से 5 करोड़ रुपये की शराब बिक्री हो रही है। यह साफ इशारा है कि अब लोग अधिकृत दुकानों से ही शराब खरीद रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी का सबसे बड़ा कदम है पॉश (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन का प्रयोग। जिले की करीब 90 प्रतिशत शराब बिक्री पॉश मशीन से ही हो रही है। यह मशीन न सिर्फ बिक्री को पारदर्शी बनाती है, बल्कि ओवररेटिंग जैसी पुरानी समस्याओं को भी पूरी तरह खत्म कर देती है। ग्राहक जैसे ही शराब खरीदता है, पॉश मशीन पर उसका बिल दर्ज हो जाता है और पूरी जानकारी विभाग के सर्वर तक पहुंच जाती है। इससे दुकानदार की मनमानी और उपभोक्ताओं के शोषण की गुंजाइश ही नहीं बचती। हालांकि तकनीकी कारणों से 10 प्रतिशत बिक्री मशीन से बाहर हो जाती है, लेकिन विभाग लगातार इन खामियों को दूर करने पर काम कर रहा है। पॉश मशीन के इस्तेमाल से जहां एक ओर ओवर रेटिंग की समस्याओं पर रोक लग रही है तो वहीं दुसरी ओर दुकानों पर मौजूद स्टॉक की भी जानकारी विभाग के पास रहती है। जिला आबकारी अधिकारी का कहना है कि पॉश मशीनें हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। इनसे न केवल पारदर्शिता आती है, बल्कि यह सुनिश्चित होता है कि हर बोतल वैध माध्यम से बिके और राजस्व का एक-एक पैसा सरकार तक पहुंचे। जिले के हिंडन खादर क्षेत्र को कभी कच्ची शराब का गढ़ माना जाता था। यहां खुलेआम जहरीली शराब बनती और बेची जाती थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आबकारी विभाग की सख्ती से यहां कच्ची शराब के अड्डों पर ताले लटक गए हैं। इतना ही नहीं, बाहरी राज्यों से गाजियाबाद में शराब तस्करी रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों और सीमाओं पर 24 घंटे आबकारी की टीमें चौकसी कर रही हैं। जिला आबकारी अधिकारी की इस मुहिम को सफल बनाने में उनकी मजबूत टीम का भी बड़ा योगदान है। जिले में तैनात सात इंस्पेक्टर - मनोज शर्मा, डॉ. राकेश त्रिपाठी, कीर्ति सिंह, अखिलेश कुमार, अनुज वर्मा, चमन सिंह और चन्द्रजीत सिंह अपने-अपने क्षेत्रों में शराब माफियाओं के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए हैं।

## चाप विक्रेता विवाद के बाद हंगामा, दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**गाजियाबाद।** लोहिया नगर के चौकी क्षेत्र में रविवार देर शाम एक चाप विक्रेता से हुई कहासुनी ने तूल पकड़ लिया और कुछ युवकों ने हंगामा कर दिया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने न केवल पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की बल्कि एक युवक ने रौब जमाते हुए कहा कि विधायक मेरे मामा हैं, हाथ कैसे लगाया। इस दबंगई का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम कुछ युवक लोहियानगर के चौकी क्षेत्र में स्थित चाप की दुकान पर गए। किसी बात को लेकर युवकों और विक्रेता के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दुकानदार ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। जैसे ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, युवकों ने शांत होने की बजाय पुलिस से ही धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विरोध के इस दौरान कुछ राहगीर भी सहम गए।

# इंदिरपुरम में यशोदा मेडिसिटी का मेगा पल्मोनोलॉजी शिविर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित जीवनशैली के दौर में सांस से जुड़ी बीमारियां लगातार लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को यशोदा मेडिसिटी, इंदिरपुरम ने एक बड़ा कदम उठाते हुए मेगा पल्मोनोलॉजी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर न केवल जांच और परामर्श का केंद्र रहा, बल्कि आमजन के लिए सांस की सेहत और फेफड़ों की सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने का भी एक बड़ा मंच साबित हुआ। इस शिविर में देश के जाने-माने पल्मोनोलॉजिस्ट्स डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. के.के. पांडेय, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. अंकित भाटिया और डॉ. शेखर मौजूद रहे। उन्होंने मरीजों की जांच की, उनके सवालों के जवाब दिए और जीवनशैली में सुधार से लेकर दवाओं और उपचार तक हर पहलू पर मार्गदर्शन किया। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि फेफड़ों की शुरूआती जांच और समय पर इलाज से गंभीर बीमारियों को रोका जा सकता है। यही नहीं, कई बार मरीज बिना लक्षण के गंभीर बीमारियों से जूझते रहते हैं, ऐसे में जांच बेहद जरूरी है। शिविर में सिर्फ जांच और इलाज ही नहीं हुआ बल्कि लोगों को प्रदूषण से बचाव, सही खानपान, व्यायाम और नियमित जांच की अहमियत भी समझाई गई। विशेषज्ञों ने बताया कि धूम्रपान और प्रदूषण दोनों ही फेफड़ों के लिए घातक हैं और इन्हें जीवनशैली से बाहर करना जरूरी है। यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन और एमडी डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने कहा कि सांस की बीमारियां अक्सर नजरअंदाज कर दी जाती हैं, लेकिन यही बीमारियां आगे चलकर जानलेवा रूप ले सकती हैं। हमारा मकसद है कि लोग समय पर जांच कराएं और जागरूक रहें। यह शिविर हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है और हम आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे। वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि जब लोग फेफड़ों की जांच समय पर कराते हैं तो बीमारियों की पहचान शुरूआती स्तर पर हो जाती है और इलाज आसान हो जाता है। यही सबसे बड़ा बचाव है।

वहीं डॉ. के.क़े. पांडेय ने बढ़ते प्रदूषण और बदली हुई जीवनशैली को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि आज सांस की बीमारियों के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में जागरूकता और नियमित जांच ही हमें सुरक्षित रख सकती है। इस शिविर में दूर-दराज से आए सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। मरीजों ने नि:शुल्क जांच और परामर्श का लाभ उठाया। कई प्रतिभागियों ने माना कि वे पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित फेफड़ों के विशेष स्वास्थ्य शिविर का हिस्सा बने। एक प्रतिभागी ने कहा, हम अक्सर दिल और शुगर की जांच करवाते हैं, लेकिन फेफड़ों पर ध्यान नहीं देते। इस शिविर ने हमें जागरूक किया कि सांस की सेहत भी उतनी ही जरूरी है।

# गाजियाबाद पार्षदों ने बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में लखनऊ में दिया ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम में बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी आवाज बुलंद की और समस्या का समाधान कराने के लिए पार्षदों का एक दल सोमवार की सुबह लखनऊ के लिए रवाना हुआ। दल ने नगर विकास मंत्री ऐ0के0 शर्मा के कैम्प कार्यालय का दौरा कर ज्ञापन प्रस्तुत किया और इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। पार्षदों ने बताया कि नगर निगम की 9 अक्टूबर 2024, 7 मार्च 2025 और 30 जून 2025 की बोर्ड बैठकों में बढ़े हुए हाउस टैक्स का प्रस्ताव पदेन सभी सदस्यों की सहमति से निरस्त कर दिया गया था।

बावजूद इसके, 1 अप्रैल से नगर निगम के पोर्टल पर बढ़ा हुआ हाउस टैक्स दिखने लगा और अज्ञानता या मजबूरी में कई संपत्ति मालिकों ने यह राशि जमा भी कर दी। शहर में व्यापार मंडल, आरडब्ल्यूए और स्थानीय निवासी बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्षद इन लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन समस्या गंभीर रूप ले चुकी है और जनता धीरे-धीरे सड़क पर आने लगी है। पार्षदों ने बताया कि उन्होंने अब इस मामले को गंभीरता से उठाने का निर्णय लिया है।

# जीएसटी में ऐतिहासिक बदलाव: सिर्फ दो स्लैब, जनता और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 3 सितम्बर को हुई 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में कर ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव करने का निर्णय लिया गया। अब केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रहेंगे, जबकि तंबाकू, सिगरेट और अतिरिक्त चीनी युक्त पेय पदार्थों पर 40 प्रतिशत का विशेष कर लागू होगा। नई दरें 22 सितम्बर 2025 से प्रभावी होंगी।

ह्यूमन राइजिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह बदलाव आम जनता, युवाओं और मध्यम वर्ग के लिए विशेष राहत का संदेश लेकर आया है। गौरव गुप्ता ने बताया कि कर ढांचे में यह सरलता न केवल व्यापारियों के लिए बल्कि आम नागरिकों के लिए भी फायदे का सौदा साबित होगी। उन्होंने कहा कि दैनिक जरूरत की वस्तुओं की कीमतों में कटौती आएगी और सामान्य परिवारों की जेब पर सकारात्मक असर पड़ेगा। गौरव गुप्ता ने उदाहरण देते हुए कहा कि अब हेयर ऑयल, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, बाथिंग सोप और टूथब्रश जैसी वस्तुओं पर कर 18 प्रतिशत की जगह केवल 12 प्रतिशत लगेगा। मक्खन, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स पर कर घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है, जिससे रोजमर्रा की खरीदारी पर प्रत्यक्ष राहत मिलेगी। गौरव गुप्ता ने कहा कि हेल्थकेयर सेक्टर में भी कर में भारी कटौती की गई है। मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन, डायग्नोस्टिक किट्स, टेस्ट स्ट्रिप्स और थर्मामीटर जैसे स्वास्थ्य उपकरणों पर कर कम होने से मरीजों और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी। व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा पर कर शून्य कर दिया गया है। उन्होंने इसे समाज के कमजोर वर्गों के लिए राहत का बड़ा कदम बताया। गौरव गुप्ता ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीएसटी सुधार केवल कर की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इससे आम जनता, मध्यम वर्ग, छात्र, किसान और व्यापारियों को लाभ मिलेगा। जनता से अपील की कि वे इस बदलाव का सही तरीके से लाभ उठाएं और इसे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि यह विकास और समृद्धि की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

# आलोक कुमार मित्तल बने गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उद्योग जगत और व्यापारियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने गाजियाबाद जिले के लिए नया नेतृत्व चुनते हुए आलोक कुमार मित्तल को जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल के निर्देश पर की गई है। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने इस निर्णय की औपचारिक घोषणा की। नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष आलोक कुमार मित्तल से संगठन ने उम्मीद जताई है कि वे व्यापारियों के हितों की रक्षा करेंगे और संगठन को गाजियाबाद जनपद में और अधिक सशक्त बनाएंगे। उनकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता से व्यापारी वर्ग की समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से होने की संभावना बढ़ी है। प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मद्यनिषेध परिषद के उपाध्यक्ष बृजेश शुक्ला ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आलोक मित्तल के नेतृत्व में गाजियाबाद जिले का व्यापारिक वर्ग और सशक्त होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जिलाध्यक्ष व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक मजबूती से पहुंचाएंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस नियुक्ति की खबर फैलते ही गाजियाबाद के व्यापारिक संगठनों और बाजारों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। व्यापारी वर्ग का मानना है कि आलोक कुमार मित्तल के नेतृत्व में न केवल संगठन को मजबूती मिलेगी बल्कि स्थानीय व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान भी गति पकड़ सकेगा। शुभकामना संदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संगठन को मजबूत करना और व्यापारियों की आवाज को न केवल जनपद स्तर पर बल्कि प्रदेश स्तर तक पहुंचाना जिलाध्यक्ष की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। संगठन को विश्वास है कि आलोक कुमार मित्तल इस भरोसे पर खरे उतरेंगे और व्यापारी हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

# जीडीए ने अनाधिकृत कालोनियों और ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं की कड़ी निगरानी शुरू की

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अनाधिकृत कालोनियों में रजिस्ट्री पर रोक लगाने और निजी बिल्डरों द्वारा विकसित ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं में ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों के निर्माण की प्रगति पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। यह निर्णय प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है। प्राधिकरण ने संबंधित विभागों और निबंधक कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध निमार्णों और अनियमितताओं को रोके जाने की तैयारी पूरी कर ली है। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने निजी विकासकताओं द्वारा बनाई जा रही ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं के ईडब्ल्यूएस और एलआईजी भवनों का डाटा विस्तार से देखा। इस दौरान यह जाँचने का प्रयास किया गया कि निजी बिल्डर को निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कितने भवन बनाने थे और अब तक कितने तैयार हुए हैं। जिन निजी विकासकताओं ने निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए गए। प्राधिकरण ने निबंधक को पत्र भेजकर अवैध कालोनियों में रजिस्ट्री न किए जाने हेतु सहयोग लेने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों को भी पत्र प्रेषित कर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस पहल से अनाधिकृत कालोनियों में निर्माण और रजिस्ट्री को नियंत्रित किया जा सकेगा।